

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 23 सितंबर 2024 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-176 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### चिटफंड कंपनियों के पीड़ितों का जेल भरो आंदोलन

**जांजगीर चाम्पा,23 सितंबर।** जिले का ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार ने जेल भरो आंदोलन किया। आंदोलनकारियो ने हॉकी मैदान से रैली निकाल कर कोतवाली थाना का घेराव किया। लेकिन जिला पुलिस ने रैली को ध्यान में रखते हुए संतोषी मंदिर के पास बैरीकेटिंग कर बल



तैनात किया और सेतुः निगम कार्यक्रम को अस्थाई जेल बना कर आंदोलनकारियो की गिरफ्तारी की। ठग पीड़ित जमा कर्ता परिवार के सदस्यों ने केंद्र सरकार से बड्स एक्ट 2019 को लागू करने और पीड़ित परिवार को वायदे के अनुसार पैसा वापसी का इंतजाम करने की मांग की। उन्होंने मांग पूरा नहीं होने तक अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी रखने का एलान किया। इसके बाद भी सरकार द्वारा कदम नहीं उठाने पर सामूहिक आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

### केशकाल घाटी में 50 घंटे से लगा जाम

**कोंडागांव,23 सितंबर।** केशकाल घाटी में शनिवार रात से लगा जाम अब तक नहीं हट सका है, जिससे मालवाहक वाहनों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. घाट के सातवें मोड़ पर एक ट्रक के खराब होने से यह जाम शुरू हुआ, जो अब लगभग 50 घंटे से जारी है. केशकाल थाना प्रभारी विकास बघेल ने बताया कि रायपुर से जगदलपुर जाने वाली गाड़ियों को दादरगढ़ के पास और जगदलपुर की ओर आने वाली गाड़ियों को बटराली और फरसगांव के पास रोक दिया गया है. केवल बसों और छोटे वाहनों को ही आवाजाही की अनुमति दी जा रही है. इस जाम से मालवाहक वाहन दोनों ओर फंसे हुए हैं, जिससे व्यापारिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है. रविवार से केशकाल घाट की सड़क के नवीनीकरण का काम शुरू हो गया है, जिससे स्थिति और भी जटिल हो सकती है. प्रशासन जाम हटाने के प्रयास में जुटा हुआ है, ताकि जल्द से जल्द यातायात बहाल किया जा सके.

### तिरुपति मंदिर के शुद्धिकरण के लिए महा शांति होम शुरू

**हैदराबाद,23 सितंबर।** विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू प्रसादम में बीफ और सूअर की चर्बी और मछली के तेल मिलाने के खुलासे ने पूरे देश में कोहराम मचा दिया है। तिरुपति लड्डू में बीफ और सुअर की चर्बी से मंदिर की अपवित्रता को खत्म करने और शुद्धिकरण के लिए आज महा शांति होम किया जा रहा है। इस होम का आयोजन श्रीवारी (श्री वेंकटेश्वर) मंदिर में बंगारू बावी (स्वर्ण कुआं) यज्ञशाला (अनुष्ठान स्थल) में हो रहा है।

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आदेश के मुताबिक अपवित्रता को ठीक करने के लिए तिरुमाला में आज (सोमवार) को शांति होमम पंचगव्य प्रोक्षण यानी की होम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के शुद्धिकरण के लिए हो रहे इस होम का आयोजन श्रीवारी (श्री वेंकटेश्वर) मंदिर में बंगारू बावी (स्वर्ण कुआं) यज्ञशाला (अनुष्ठान स्थल) में किया जा रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने इसकी जांच के लिए अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन कर दिया है। सरकार ने जिस स्ङ्ख्न का गठन किया है, उसकी निगरानी इंस्पेक्टर जनरल या इसके ऊपर के स्तर के अधिकारी करेंगे। एसआईटी सभी कारणों की जांच करेगी, जिसमें सत्ता का गलत इस्तेमाल भी शामिल है। जांच के बाद रिपोर्ट सरकार को सौंपी जाएगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का कहना है कि सरकार इसे लेकर सख्त कदम उठाएगी, जिससे लड्डू में मिलावट जैसी घटनाएं दोबारा ना हों।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना,देखना अपराध: सुको

**नई दिल्ली,23 सितंबर।** चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए कहा है कि इसे डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो ऐक्ट के तहत अपराध है। इसके साथ ही अदालत ने केंद्र सरकार को सलाह दी कि वह संसद से कानून पारित कराए, जिसमें बच्चों के यौन उत्पीड़न को लेकर स्पष्ट प्रावधान हों। चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर नियम तय किए जाएं ताकि बच्चों को उत्पीड़न से बचाया जा सके। इसके अलावा चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले पर भी सवाल उठाया, जिसमें कहा गया था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को सिर्फ डाउनलोड करना और देखना अपराध नहीं है।



शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय का यह फैसला पूरी तरह से गलत था और यह चूक थी। उच्च न्यायालय ने 28 साल के एक शख्स पर लगे आरोपों के मामले में यह फैसला सुनाया था। शख्स पर आरोप था कि उसने फोन में चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड की थी और उसे देखा था। अदालत ने इस मामले में युवक के खिलाफ कार्रवाई को खारिज कर दिया था। कोर्ट का कहना था कि आज बच्चे चाइल्ड पोर्नोग्राफी का शिकार हो रहे हैं। समाज को इस बारे में बच्चों को जागरूक करना चाहिए और शिक्षित करना चाहिए। इसकी बजाय उन्हें दंडित करना ठीक नहीं है। अब उच्चतम न्यायालय ने मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया है और युवक के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में पॉक्सो ऐक्ट के सेक्शन 15 का जिक्र किया, जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी वाली सामग्री को रखना अपराध माना गया है। इस सेक्शन में कहा गया है, यदि कोई व्यक्ति चाइल्ड पोर्नोग्राफी वाली सामग्री रखता है तो उस पर 5 हजार तक का फाइन लगेगा। इसके बाद भी ऐसा ही अपराध करने पर 10 हजार फाइन और फिर ऐसा किए जाने पर फाइन के साथ ही तीन से 5 साल तक की सजा हो सकती है। यही नहीं बाद में भी ऐसा होने पर 7 साल तक की कैद हो सकती है। इसी प्रावधान का जिक्र करते हुए शीर्ष अदालत ने यह फैसला सुनाया।

# 150 किलो चांदी से बनेगा बम्लेश्वरी मंदिर का दरवाजा



**डोंगरगढ़,23 सितंबर**

पहाड़ी पर विराजित विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी (बमलई) मंदिर में डेढ़ क्विंटल वजनी चांदी का दरवाजा लगेगा। नवरात्र पर्व के पहले पुराने को निकालकर नया दरवाजा लगा दिया जाएगा। इसकी लागत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये होगी। दरवाजे पर लगाए जाने वाली चांदी की चादर की मोटाई 22 गेज की होगी, जिसे - रायपुर में तैयार कराया गया है। इसे लकड़ी के ऊपर नई डिजाइन के साथ चढ़ाया जाएगा। इसके लिए महाराष्ट्र के नासिक से छह कारीगरों की टीम डोंगरगढ़ पहुंच गई है। एक-दो दिन में काम शुरू करा दिया जाएगा। ऊपर मंदिर में लगभग 17 वर्ष पहले करीब 60 किलो वजनी चांदी का दरवाजा लगवाया गया था, जो पुराना होने के कारण टूट-फूट गया है। उसी दरवाजे को बदला जाना है। पुराने दरवाजे की चांदी का उपयोग उसे गलाकर अन्य जगह किया जाएगा।


> वहीं दूसरी ओर नवरात्र पर्व के पहले ऊपर व नीचे, दोनों मंदिर की साज-सज्जा कराई जा रही है। ऊपर मंदिर वाला चांदी का दरवाजा नया बनवाया जा रहा है। डेढ़ क्विंटल चांदी लगेगी। इसमें लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का खर्च आएगा जिसका वहन ट्रस्ट करेगा। एक-दो दिन में काम शुरू होगा। पर्व के पहले अधिकतम काम कराने का प्रयास है। बाकी बाद में होगा।
>
> **मनोज अग्रवाल,**
> **अध्यक्ष, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट, डोंगरगढ़**

### दिया जा रहा प्राचीनतम स्वरूप

नए दरवाजे में आकर्षक डिजाइन बनवाई जा रही। इसमें धार्मिक चिन्हों के अतिरिक्त अन्य तरह की कलाकारी भी रहेगी। चांदी की चादर शनिवार को रायपुर से पहुंच गई। अब उसे प्रेस कर साइज से काटी जाएगी। दूसरी तरफ नीचे वाले बम्लेश्वरी मंदिर को प्राचीनतम स्वरूप दिया जा रहा है। मंदिर के सामने वाले भाग में बिछाए गए गुलाबी पत्थर की पालिश भी कराई जा रही है। उसे केमिकल से लेमीनेट कर चमकाया जाएगा। पिलरों में नक्काशी कर देवी-देवताओं की आकृति भी उकेरी जा रही है। साथ ही गुंबज वाले हिस्से में जीर्णोद्धार का जो काम शेष रह गया था, उसे भी पूरा कराया जा रहा है। पत्थरों वाला काम ओडिशा के 20 कलाकार कर रहे हैं।

### 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारंभ

डिब्रूगढ़,23 सितंबर। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सरकार के 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमो में शामिल हुए। सोनोवाल ने शहर के सिविल अस्पताल में आयोजित 'स्वच्छता में जन भागीदारी' के तहत सफाई अभियान में भाग लिया, जिसका उद्देश्य सफाई कर्मचारियों, सरकारी कर्मचारियों और आम लोगों को नियमित सफाई में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना था। एलएससी सांसद (लोकसभा), केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने डिब्रूगढ़, चबुआ, तिनसुकिया, मार्गेरिटा, डिगबोई, मकुम, नाहरकटिया और नामरूप के विभिन्न नगर निकायों के तहत काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के लाभ के लिए ऐतिहासिक चौकीडिंगी मैदान में ÷सफाई मित्र सुरक्षा शिविर÷ का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 500 से अधिक सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया, जहां सोनोवाल ने उनसे बातचीत भी की।



# मोदी से मिलकर खुश हुए चीनपरस्त नेपाल के प्रधानमंत्री

**न्यूयार्क,23 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर लोटे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस साल जुलाई में केपी शर्मा ओली के तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बनने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर केपी शर्मा ओली के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि भारत-नेपाल मित्रता बहुत मजबूत है और हम अपने संबंधों को और भी गति देने के लिए तत्पर हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही। न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद केपी शर्मा ओली ने कहा किबैठक बहुत अच्छी रही। गौरतलब है कि भारतीय प्रधानमंत्री मई 2014 से अब तक पांच बार नेपाल का दौरा कर चुके हैं। पड़ोसी देश की उनकी सबसे हालिया यात्रा 2022 में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर हुई थी। पीएम मोदी ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की, जिसका एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया है जिसमें दोनों नेताओं को एक-दूसरे को गले लगाते हुए दिखाया गया है। विदेश मंत्रालय के 'एक्स' पर आधिकारिक अकाउंट में साझा की गई पोस् में लिखा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निकट मित्रता को और गहरा करते हुए यूएनजीए के इतर नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से आज मुलाकात की। इसमें कहा गया, दोनों नेताओं ने सदियों पुरानी, बहुआयामी और विस्तारित साझेदारी के तहत सभी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए आपसी हित के मामलों पर चर्चा की।

### गलती से खुला रह गया माइक, चीन के खिलाफ बोल गए बाइडेन

अमेरिका में चल रहे क्वाड समिट में गलती से एक माइक खुला रह गया। वहां पीएम मोदी के पास ही बैठे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन को लेकर धीरे से एक बात कही। उन्हें पता नहीं था कि माइक खुला रह गया है। वो बात माइक पर सबने सुन ली। सुनते ही पूरे हॉल में सनसनी फैल गई। ये बात अब पूरे सम्मेलन में चर्चा का विषय बनी हुई है। जब शिखर सम्मेलन खत्म हो गया और वहां से पत्रकार निकल रहे थे। तब जो बाइडेन को लगा कि माइक बंद है और उन्होंने धीमी आवाज में कहा कि चीन दक्षिण चीन सागर के इलाके में आक्रमक होता जा रहा है। इस समय माइक खुला हुआ था और सभी पत्रकारों ने बाइडेन की बात सुन ली। बाइडेन ने ये भी कहा कि चीन उनका इम्तिहान ले रहा है। ऐसी हरकतें कर रहा है जो हमारी परीक्षा लेने जैसा है। बाइडेन की बात जैसे ही माइक पर सुनी गई तुरंत ही वहां के अधिकारी हरकत में आ गए। अमेरिका के एक सीनियर प्रशासनिक अधिकारी ने इस गलती को ढकने के लिए कहा कि ये पहले तो कहा गया उसी लाइन पर है। मुझे नहीं लगता कि ये कोई आश्चर्य की बात है। हमारी मन की बात और जुबान बेमेल होती है।

# बिजली गिरने से 5 स्कूली बच्चों समेत 8 लोगों की मौत

**राजनांदगांव 23 सितंबर।** राजनांदगांव से एक बड़ी खबर आ रही है। आकाशीय बिजली गिरने से 5 स्कूली बच्चों समेत 8 लोगों की मौत हो गयी। घटना राजनांदगांव के ग्राम जोरातराई की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव में तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में चार स्कूली बच्चे आ गये। हादसे के वक्त सभी स्कूली बच्चे वापस अपने घर लौट रहे थे। वहीं चार युवक भी बिजली की चपेट में आये। घटना सोमानी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। घटना की सूचनी मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर रवाना हो गयी। कलेक्टर भी खुद मौके पर रवाना हो रहे हैं। घटना के बाद मौके पर एंबुलेंस रवाना की गयी।



# दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए दो बच्चों की एनीकट में डूबने से मौत

**राजनांदगांव,23 सितंबर।** शहर के लखोली क्षेत्र के दो बच्चों की मोखला एनीकट में डूबने से मौत हो गई है। यह बच्चे अपने अन्य दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने मोखला एनीकट गए थे। बीते रविवार को राजनांदगांव शहर के लखोली वार्ड से लगभग एक दर्जन युवक जिले के मोखला एनीकट में पिकनिक मनाने गए थे। इस दौरान 7-8 युवक एनीकट में नहाने उतरे थे। तभी वे गहरे पानी में चले गए, जिसमें से चार-पांच युवक डूबने लगे। पिकनिक मनाने गए एक युवक ने डूब रहे लोगों में से तीन लोगों को बचा लिया, लेकिन एक 12 वर्षीय बालक लखोली निवासी शाहिद हुसैन और 16 वर्षीय कन्हैयालाल की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद गोताखोरों की टीम को सूचित किया गया और लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद दोनों शव मौके से बरामद किए गए। सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत हुए इस हादसे के बाद मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जहां आज उनका पोस्टमार्टम पश्चात अंतिम संस्कार होगा। इस मामले में राजनांदगांव के सीसी पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि लखोली क्षेत्र से 11-12 बच्चे पिकनिक के लिए गए हुए थे जिसमें से दो नाबालिक की डूबने से मौत हुई है। एनीकट में नहाने के दौरान 4 से 5 युवक गड्ढे में चले गए थे। जिनमें से तीन लोगों को एक युवक ने बारी-बारी करके बचाया लेकिन वह अपने भाई को डूबने से नहीं बचा पाया।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले कलेक्टोरेट के ड्राइवर की चाकू मारकर हत्या



**रायपुर,23 सितंबर**

राजधानी रायपुर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. गुंडे-बदमाश पुलिस की नाक के नीचे बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं. इस बीच तेलीबांधा तालाब (मरीन ड्राइव) से एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है. तड़के सुबह तीन अज्ञात बदमाशों ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. मामले की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई है. यह मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अंबिकापुर निवासी ईश्वर राजवाड़े के रूप में हुई है, जो अंबिकापुर कलेक्ट्रेट में ड्राइवर के पद पर कार्यरत था. वह एक अधिकारी को शासकीय कार्य से रायपुर लेकर आया था. तड़के सुबह करीब 4 बजे ईश्वर राजवाड़े मरीन ड्राइव टहलने गया. इस दौरान तीन अज्ञात बाइक सवार लुटेरों ने उसे घेर लिया और मोबाइल लूटने की कोशिश की. जिसके बाद आरोपियों और ईश्वर के बीच विवाद हो गया. इसी दौरान आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे ईश्वर की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है. वहीं अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए ष्ह्ल1 कैमरे की भी मदद ली जा रही है. बता दें कि इससे पहले बीते दिनों ही एक सिरफिरे युवक तेलीबांधा तालाब के पास ही एक युवती को चाकू मारकर घायल कर दिया था. इलाज के दौरान युवती ने दम तोड दिया था.

# शराबी युवकों ने व्यापारी को जानबूझकर रौंदा, मौत

**दुर्ग,23 सितंबर।** शराब के नशे में असामाजिक तत्वों ने उत्पात मचाते हुए एक निर्दोष व्यापारी को एक्सीडेंट करते हुए मौत के घाट उतार दिया। शराब के नशे में मदमस्त सिकोलाभाठा के इन असामाजिक तत्वों ने तमेर पारा, दुर्ग के प्रतिष्ठित व्यापारी लोकेश ताम्रकार (59 साल) को एक्सीडेंट कर जान से मार दिया। घटना बीती रात 9.30 बजे की है । लोकेश ताम्रकार एडवोकेट हरे कृष्ण तिवारी के घर से वापस आ रहे थे। शराब के नशे में मदमस्त ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इन पांच लोगों ने रविवार को उरला में भी बेतहाशा कार दौड़ाकर उत्पाद मचाए हैं । मोहल्ले के लोगों ने इन्हें दौड़ाया, उसके बाद ये लड़के स्टेशन रोड में उत्पाद मचाते हुए पोलसाय चौक के आसपास लोकेश ताम्रकार को नशे में चूर बाइकर्स ठोकते हुए मौत के घाट उतार दिए। हादसे के बाद आम नागरिकों में भारी रोष छाया हुआ है। आमजन कह रहे की आम लोगो की जान की ये लोग कोई परवाह नहीं करते। सड़क पर चलना इन लोगो ने खतरनाक बना दिया है। ऐसे लोगो को



हत्या के अपराध में जेल भेजना चाहिए। शहर के जेल तिराहा से लेकर मिनीमाता चौक तक मार्ग में ट्रैफिक भयंकर बढ़ चुका है। लोग जान आफत में डालकर आवाजाही कर रहे हैं । अभी दुर्ग शहर के सर्वाधिक भीड़भाड़ वाला मार्ग बन चुका है, पर इसे चौड़ा करने का काम कागज पर ही चल रहा है। 15 सालो से सड़क के चौड़ीकरण की बात की जा रही है मगर सड़क चौड़ी हुई ही नहीं। अलबत्ता अतिक्रमण के चलते सड़क की चौड़ाई कम होती गई है ट्रैफिक बढ़ते गई है आना-जाना एक परेशानी का सबक बन गया है। रोज हादसे हो रहे है। ऐसा लगता है दुर्ग शहर की ट्रैफिक व्यवस्था संभालना अब स्थानीय प्रशासन के बस में नहीं रह गया है।

### 45वें शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम महिला व पुरुष वर्ग की चैंपियन बनी

jasclaudius@gmail.com

# 201 देशों में विजेता बनकर भारत हुआ गौरवान्वित

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

स्वतंत्र भारत के लिए 22 दिसम्बर 2024 का दिन कभी न भूलाया जाने वाला बन गया। भारतीय खेल जगत के इतिहास में इस दिन हमारे महिला व पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों ने हंगरी की राजधानी बुढ़ापेस्ट में एक ऐसे अध्याय को जोड़ दिया जो कि हमारे देश के खिलाड़ियों ने आज तक किसी भी खेल में हासिल नहीं किया है। प्रतिभाशाली प्रतिभागियों से सजी हमारी पुरुष व महिला शतरंज टीम ने 2024 के शतरंज ओलंपियाड में दोनों ही वर्गों में स्वर्ण पदक जीत लिया। शतरंज के खेल के बारे में माना जाता है कि इसकी उत्पत्ति आज से करीब 1500 वर्ष पूर्व भारत में हुई थी। ईस्वी सन् के 6वीं सदी में गुप्त साम्राज्य के दौरान चतुरंगा के नाम से यह खेल खेला जाता था। इसके बाद 10वीं तथा 11वीं सदी में यह खेल परसिया याने ईरान तक फैल गया। जब अरब साम्राज्य ईरान तक फैला तब शतरंज अरब देशों में पहुंच गया। इस खेल के आकर्षण के कारण स्पेन के राजा मोरिस के द्वारा शतरंज दक्षिण यूरोप पहुंच गया। फिर पूरे यूरोप में शतरंज खेले जाने लगा। मुस्लिम शासकों के द्वारा रुस के दक्षिण में शतरंज ने अपनी लोकप्रियता बढ़ा ली। शतरंज के वर्तमान तरह प्रतियोगिता की शुरुवात 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध में हुई। करीब-करीब वर्तमान आधार पर शतरंज की पहली चैंपियनशिप लंदन में 1851 में हुई जिसके विजेता जर्मनी के अडोल्फ एंडरसन बने। हालांकि पहला टूर्नामेंट 1575 में स्पेन में हुई थी, माना जाता है कि जिसके विजेता लियोनार्डो डी बोना थे। शतरंज खेलने का वर्तमान सेट 1835 में एक अंग्रेज नथानिएल कूक के द्वारा स्थापित किया गया। इस प्रकार भारत की भूमि से चतुरंगा नाम का खेल अपने थोड़े बहुत नियम व खेल पद्धति को बदलते हुए शतरंज के रूप में आज पूरी दुनिया में स्थापित हो गया है। शतरंज की लोकप्रियता को देखते हुए इंटरनेशनल चेस फेडरेशन या वर्ल्ड चेस फेडरेशन का गठन पेरिस, फ्रांस में 20 जुलाई 1924 को हुआ था। वर्तमान ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में शतरंज को शामिल नहीं किया गया है लेकिन इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी ने इसे 1999 में मान्यता दे दी है। 21 दिसम्बर 2023 के अनुसार फीडे के सदस्यों की संख्या वर्तमान में 201 है। इस प्रकार हमारे देश के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि कि भारतीय पुरुष, महिला टीम ने विश्व विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया है। भले ही भारत क्रिकेट, हाकी, कबड्डी आदि कुछ खेलों में विश्व विजेता रह चुका है परंतु तब क्रिकेट में 8 से 16 देशों की टीम को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा मान्यता दी गई थी। उसी तरह हाकी में 35 से 40 देशों की टीम अंतर्राष्ट्रीय हाकी परिषद के सदस्य हुआ करते थे। पता नहीं क्यों शतरंज जैसे खेल को मीडिया में बहुत अधिक जगह नहीं दी जाती रही है। लेकिन शतरंज के भारतीय टीम की यह उपलब्धि ऐतिहासिक तथा अभूतपूर्व है। टीम खेल, क्रिकेट, हाकी, कबड्डी जैसे खेलों में भी विश्व विजेता होने को कम नहीं आका जा सकता परंतु शतरंज में 201 देशों वाले खेल संघ में विश्व विजेता होना कुछ तो अलग मायने रखता है। भारत में खेल का माहौल बनाना है तो हमें सभी खेलों की उपलब्धि पर जश्न मनाना चाहिए। शतरंज के खेल में हमारे महिला वर्ग की जांबाज खिलाड़ी तानिया सचदेव, हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेश बाबू, वंशिका अग्रवाल, दिव्या देशमुख, इसी तरह पुरुष वर्ग के डी. गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, आर.प्रज्ञानंद, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, श्रीनाथ नारायणन (कप्तान) शामिल थे। सभी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के अनुसार लाजवाब प्रदर्शन किया। भारत में शतरंज की इस सफलता पर प्रत्येक जिला मुख्यालय में खुशी बनाई जानी चाहिए। खिलाड़ियों के बारे में जानकारी को मीडिया के द्वारा प्रचारित, प्रसारित किया जाना चाहिए। अब जबकि भारत को 2036 में ओलंपिक खेलों के आयोजन की संभावना बढ़ती जा रही है तो शतरंज में विश्व विजेता बनने के इस मौके से ही शतरंज के साथ-साथ वर्तमान में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में शामिल मुख्य 28 खेलों की जानकारी को भी प्रचारित/प्रसारित करना चाहिए। इससे हमारे देश में खेल का वातवरण बनेगा और खेल संस्कृति की जड़ें मजबूत होंगी।

# जिसके घर शीशे के होते हैं वो दूसरों के घर पर पत्थर नहीं मारा करते:ईश्वर साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 23 सितंबर।** साजा विधायक ईश्वर साहू ने लोहारीडीह के घटना पर स्थानीय सर्किट हॉउस में पत्रकार वार्ता कर भूपेश बघेल पर जमकर हमला बोला . उन्होंने कहा लोहारीडीह के घटना के विषय में सभी जानते है कैसे आपसी वमनस्य ने इतना बड़ा रूप ले लिया. लोहारीडीह की घटना में जो भी पीड़ित परिवार है सभी के प्रति हम अपनी संवेदना व्यक्त करते है किसी भी समाज में ऐसा द्वदं न हो ऐसी ईश्वर से प्रार्थना करते है . इन सब के बीच पीड़ित परिवार को कैसे राहत मिले कैसे सदभाव का माहोल गाँव में फिर से हो विष्णुदेव सरकार इस विषय पर गंभीरता से कार्य कर रहे है .इसके इतर कांग्रेस पार्टी और उनके नेता संवेदनशील विषय पर राजनीती कर रहे है . 5 वर्ष भूपेश बघेल जी छग में मुख्यमंत्री रहते हुए ऐसे अनेक घटनाओं पर चुप्पी साधे आरोपियों को सरक्षण देते रहे है . उन्होंने स्वयं राज्य के मुखिया के रूप में कभी



भी संवेदना नही दिखाई उनके मुह से न्याय शब्द ही बैमानी लगती है . भूपेश सरकार में कानून व्यवस्था कैसी थी ये सब जानते है मेरे पुत्र की मावलीचिंग कर हत्या इसका भूपेश बघेल के सरकार के कानून व्यवस्था का जीवंत उदहारण है । निश्चित रूप से घटना घटी है इससे पूरा समाज दुःखी है स्थानीय विधायक और गृह मंत्री विजय शर्मा पूरी संवेनशीलता के साथ सभी पीड़ित परिवार के साथ खड़े है । सरकार ने पूरे मामले पर न्यायिक जाँच के आदेश दिए है । सरकार की नीयत एकदम साफ है । निर्दोषों पर कार्यवाही नही होगी और दोषी जो भी होंगे उन पर कार्यवाही होगी । उन्होंने कहा जिनके घर शीशे के होते है दुसरो के घर मे पत्थर नही मारा करते । कॉंग्रेस सरकार और उनके मुखिया भूपेश बघेल ने भिलाई में भारत माता की जय बोलने पर जब एक सिक्ख भाई की हत्या होती है तब,कवर्धा झंडा विवाद हो या फिर मेरे पुत्र की माबलीचिंग कर हत्या हो किसी भी विषय पर पीड़ितों को न्याय नही मिला । ये भारतीय जनता पार्टी विष्णुदेव की संवेनशील सरकार है कोई भी दोषी बख्से नही जायेंगे । भूपेश बघेल जी 15 साल प्रतीक्षा के बाद आये और अपने कर्मो के चलते 5 साल में चले गए इसी बात का बौखलाहट है । अब छटपटा रहे है । प्रेस वार्ता में मौजूद जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा अलग अलग घटना में तीन मौते हुई है समाज ने सभी घटनाओं पर उच्चस्तरीय जाँच और कार्यवाही की मांग की है इस पर सरकार ने निर्णय लेते हुए कुछ कार्यवाही भी की है एडिशनल एस पी सहित 3 पुलिस कर्मी निलंबित किया गया है । जिले के कलेक्टर एसपी भी हटा दिए गए है पीड़ित परिवार को मुआवजा भी दिया गया है । अब न्यायिक जाँच भी करवाया जा रहा है जाँच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही होगी । तीनो घटना साहू समाज से है इस पर दुःखद परिस्थितियों में राजनीति नही होनी चाहिए । इस अवसर पर बीजेपी वरिष्ठ नेता सीताराम साहू , उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, रामविलास चंद्रवंशी , शहर मंडल उपाध्यक्ष श्रीकान्त उपाध्याय उपस्थित रहे ।

## एक नजर

### चाकू से हमला करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 23 सितंबर।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र रास्ते में घर के पास दो युवक रोककर गाली.गलौज करते हुए धारदार चाकू से हमला कर फरार दो आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि सीताराम पाल निवासी कृष्णा नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 सितंबर की शाम 4 बजे अपनी स्कूटी से घर जा रहा था। रास्ते में घर के पास मोड़ में दो लड़के मोटर साइकिल में आकर गाली.गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों लड़के धारदार चाकू से हमला कर दिया। इससे प्रार्थी को हाथ के कोहनी एवं सिर में चोट पहुंचाकर फरार हो गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबीर सूचना व प्रार्थी के बताये हुलिया के आधार पर संदेही अमन से पूछताछ करने पर अपने दोस्त रोहित शाह ;21 वर्षद्ध निवासी राजीव नगर सुपेला के साथ मिलकर प्रार्थी को गाली गलौज कर चाकू से चोट पहुंचाना बताया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांस का डण्डा एवं चाकू जब्त किया है। आरोपी अमन साहू ;23 वर्षद्ध निवासी गौतम नगर के विरूद्ध पूर्व में भी थाना सुपेला में कई अपराध दर्ज है ।

### कृष्णानगर के घर में चोरी

**भिलाई, 23 सितंबर।** भिलाई सुपेला थाना अंतर्गत दिनण्दहाड़े अज्ञात चोर घर के दिवाल फांदकर अंदर घुसा और चांदी का छन्नी और 20 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305यएद्धए 331 य4द्ध बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है कृष्णा नगर मिलन चौक सुपेला निवासी श्रीमती धनैया वर्मा य72 वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने घर का ताला लगाकर मोहल्ले में ही मंदिर के पास बैठी थी। थोड़ी देर बाद धनिया मिर्ची लेने के लिये अपने घर पैसा लेने गई और घर का ताला खोली तो देखी की दरवाजा अंदर से बंद था राड से अंदर की कुन्डी को खोली तो देखा कि घर का सामान इधर उधर बिखरा पडा था। दूसरे रूम में रखे 1 नग चांदी का छन्नीए नगदी 20000 रुपए को अज्ञात चोरी कर ले गया था।

### पत्नी ने पति का सिर फोड़ा

**भिलाई, 23 सितंबर।** भिलाई माता पिता से बच्चों को मिलवाने की बात को लेकर पत्नी ने अपने ही पति का सिर फोड़ने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने महिला के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि शांति नगर भिलाई तीन निवासी प्रेम प्रकाश मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई है जिसमें बताया कि दोपहर जब वह बच्चों को लेकर अपने मता-पिता से मिलने जाने की बात कर रहा थ तभी पत्नी भानुप्रिया ने विवाद करना शुरु कर दिया इसके बाद घर में रखा ताला उठाकर उसके सिर पर मार दिया घटना के बाद भानुप्रिया अपने भाइयों के नाम से भी धमकी दिया करती है उसके दोनों साले भवानी शंकर तिवारी, मणीकांत तिवारी के खिलाफ भिलाई तीन थाने में भी अपराध दर्ज है।

### प्रसाद में जानवरों की चर्बी मिलाने वाले को मिले फांसी : गुप्त

**भिलाई, 23 सितंबर।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी



प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष शारदा गुप्ता ने तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए अपराधियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करते हुए फांसी देने की मांग की है। यह घटना हिंदू धर्म के आस्था पर चोट पहुंचाया गया है प्रसाद को लेकर हिंदुओं की गहरी आस्था होती है लेकिन मिलावट की खबरों ने श्रद्धालुओं के बीच भय पैदा कर दी है इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। निंदा करने वालों में प्रमुख रूप शारदा गुप्ता निशु पांडे, डॉ रमेश श्रीवास्तव, सुभाष साव, कन्हैया सोनी, मदन सेन, पारस जंघेल, रवि शंकर सिंह, संतोष जयसवाल, गुरनाम सिंह बंटी नाहर हरिशंकर चतुर्वेदी अखिलेश वर्मा जेपी घनघोरकर सीपी सिंह विनोद उपाध्याय हंसराज पटेल श्रीनिवास मिश्रा तुषार देवांगन सुभाष शर्मा प्रदीप पांडे दिनेश लोहिया रमेश देशमुख इंदरजीत सिगं नेहरू साहू निर्मल भारती छोटू पासवान मृगेंद्र कुमार हरीश चंद्र भारती शक्ति सिंह, टिंकू संजय दुबे, संजय साहू,हीरालाल यादव ,गिरीश दिलीप दामले,अजय चौधरी नरेश संतोष सोनी अमोल साहु अनिल सिंह पीसी प्रसाद शिवनाथ साव सहित प्रमुख कार्यकर्ता है।

### मूंगफल्ली की बिक्री , कवर्धा में कहीं ज्यादा, कहीं कम



**कवर्धा,23 सितंबर।** कवर्धा शहर में विभिन्न स्थानों पर मूंगफल्ली। बेचकर अपने परिवार का हेल्प कर रहे है । आसपास गांव से कवर्धा पहुंचकर बेच रहे है और कुछ कवर्धा नगर के लोग मूंगफल्ली बेच रहे है । अधिकतर ने कहा की अच्छी बिक्री हो रही है कुछ ने कहा कम बिक्री हो रही है ।

### जिले के एसपी राजेश कुमार अग्रवाल ने किया पदभार ग्रहण



**कवर्धा,23 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा (छ.ग.) शासन गृह ( पुलिस ) विभाग , मंत्रालय , महानदी भवन , रायपुर के स्थानांतरण आदेशानुसार जिला कबीरधाम पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव का स्थानांतरण जिला-कबीरधाम से सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ नया रायपुर तथा पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार अग्रवाल का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक जिला-बलरामपुर, रामानुजगंज से पुलिस अधीक्षक जिला- कबीरधाम में हुआ है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा आज दिनांक- 22-09-2024 को 11ः30 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम पहुंचकर पदभार ग्रहण किया गया। जिनका अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल, एवं जिले के समस्त पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों तथा कार्यालीन अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत अभिनंदन किया गया।

# जिला पंचायत सदस्य की टिकट के लिए कई दावेदारों के नाम की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 23 सितंबर।** कबीरधाम जिले की राजनीति में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में टिकट के लिए कई दावेदारों की लिस्ट थी और भारी मंथन के बाद टिकट संगठन के द्वारा दिए गए । वैसे ही जिला पंचायत सदस्य चुनाव की तारीख आते आते बहुत दावेदारों की संख्या बढ़ सकती है । राजनेतिक गलियारो में कार्यकर्ता भी चाय पीते पीते चर्चा करते हुए दिखते है की। आखिर कौन लड़ेगा जिला पंचायत चुनाव । वैसे देखा जा रहा है की बीजेपी से प्रताप चंद्रवंशी गांवो का दौरा शुरू कर चुके है जिसकी चर्चा है । जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू और बीजेपी वरिष्ठ नेता सीताराम साहू की चर्चा खूब हो रही है । रामकृष्ण साहू और सीताराम साहू की सादगीपन और विनम्रता के कारण







जनता के मन में है की चुनाव लडे । जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष भुवनेश्वर चंद्राकर लगातार किसानों की समस्या को कांग्रेस की पूर्व सरकार में मुद्दा उठाया था और किसानों से जुड़े रहते है जिस कारण चर्चा में दिख रहे है । सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी की भी बहुत चर्चा होती रहती है क्योंकि विकास की सौगात किसानों को देते हुए देखे जाते है । संतोष पटेल को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष का अनुभव है और महामंत्री के पद पर संगठन में लगातार वर्क की मॉनिटरिंग करते रहते है जिस कारण संतोष पटेल की भी चर्चा है । पूर्व जनपद सदस्य रूपेश चंद्रवंशी के नाम को लेकर भी सुगबुगाहट दिख रही । जिला पंचायत 5 , 9 , 10 , 11 की चर्चा खूब हो रही है और टिकट की चाह बहुतायत में है । प्रत्याशी की अच्छी छबि को देखकर जनता वोट देखी ऐसा लोगो का मत। है । विकास , बिजली समस्या , अपराध , महतारी वंदन योजना , शराब बंदी जैसे मुद्दे को लेकर ज्यादा राय दिख रही है ।

# विधायक रिकेश के प्रयास से हटी गदा चौक की शराब दुकान



**भिलाई नगर, 23 सितंबर।** सुपेला घड़ी चौक से गदा चौराहा मुख्य मार्ग की अंग्रेजी शराब दुकान वैशाली नगर विधायक के प्रयास बाद भिलाई नगर निगम के पीछे स्थानांतरित हो गई है। सेन ने इस दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए 48 घंटे का अल्टिमेटम प्रदेश के एक संबंधित अधिकारी को शनिवार की रात दिया था। आपको बता दें कि विधायक बनते ही रिकेश सेन ने गदा चौक के समीप स्थित इस दुकान को हटाने का निर्णय लिया था क्योंकि मुख्य मार्ग पर अंग्रेजी दुकान और चखना सेंटर होने से शराबी असामाजिक तत्वों का यहां जमावड़ा होता था। चूंकि यह चौराहा हनुमानजी के शस्त्र गदा को समर्पित है, इस चौक के समीप ही असामाजिक तत्व बैठने लगे थे। मुख्य मार्ग होने की वजह से स्कूली बच्चे और लोग परिवार सहित आना जाना करते थे और इस दौरान शराब दुकान और चखना सेंटर की भीड़ अनावश्यक तथा अशोभनीय लगती थी। विधायक रिकेश सेन ने जिले के प्रभारी और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी इस दुकान और चखना सेंटर को हटाने पत्र लिखा था। नतीजतन दुकान स्थानांतरित करने की प्रक्रिया के तहत भिलाई निगम के पीछे स्थल चयन कर पूरा इंतजाम भी कर लिया गया। मगर इस बीच सुपेला के कुछ होटल व्यवसायी निगम के पीछे इस शराब दुकान और चखना सेंटर के स्थानांतरण को रोकने के प्रयास में जुट गए थे नतीजतन सारा सेटअप होने के बाद भी स्थानांतरण में हीलाहवाली जारी रहा। शनिवार की रात विधायक रिकेश सेन जब इस मार्ग से गुजर रहे थे तो गदा चौक पर अनावश्यक बैठे लोग उन्हें दिखाई पड़े परिणाम स्वरूप उन्होंने तत्काल गाड़ी रुकवा कर मौके का निरीक्षण किया और दुकान स्थानांतरण को लेकर हो रही अनावश्यक लेटलतीफी पर नाराजगी जताई।



### सांसद के हाथों सम्मानित हुए चंगोरी स्कूल के प्रधान पाठक

**पाटन।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय पटेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, निजी चंद्राकर अध्यक्ष उड़ान नई दिशा छत्तीसगढ़ रहे। शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी के प्रधान पाठक विरेन्द्र कुमार साहू को उत्कृष्ट कार्य के लिए सांसद के हाथों सम्मानित हुआ। प्रधान पाठक नवाचारी माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान करना, एवं समुदाय के सहयोग से बच्चों एवं विद्यालय की विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी में प्रांतीय पदाधिकारी महासचिव के पद पर अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर परसराम साहू , संजय मैथिल, मीना भारद्वाज, भोलाराम सिंहा, महेश कुमार जायसवाल, नंदनी देशमुख, खेमिन साहू, मनोज कुमार साहू, आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# एसबीएस मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल को मिला राष्ट्रीय धनवंतरी सम्मान



भिलाई, 23 सितंबर। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एसबीएस (सरदार बीरा सिंह) मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल महज तीन साल में ही अलग पहचान बना चुका है। समाजसेवा में हमेशा आगे रहे स्व. सरदार बीरा सिंह का सपना था कि वे एक ऐसा अस्पताल बनायें जिसमें गरीब और श्रमिक वर्ग के लोगों को कम दामों में अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सके ताकि कोई भी गरीब परिवार इलाज के लिए कर्ज में न डूबे। स्व. बीरा सिंह के निधन के बाद उनके बेटे इन्द्रजीत सिंह ने अपने पिताजी के सपने को पूरा करने के लिए उनकी स्मृति में ही पावर हाउस मार्केट रोड के किनारे चैरिटेबल अस्पताल शुरू किया। 20 बिस्तर से शुरू हुए इस अस्पताल में जहां शहर के अन्य अस्पतालों के मुकाबले काफी कम दाम में इलाज व दवाइयां मुहैया कराई जाती हैं, वही आयुष्मान कार्ड के जरिए अधिकांश लोगों का फ्री में ही इलाज किया जाता है। इतना ही नहीं, कैजुअल्टी की सुविधा के साथ साथ 24 घंटे फ्री एँबुलेंस सुविधा भी है ताकि मरीज को किसी भी वक्त हॉस्पिटल लाया जा सके। हॉस्पिटल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स समय-समय पर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। वही इस अस्पताल में डायलिसिस की भी विशेष सुविधा दी गई है ताकि मरीजों को महंगे अस्पतालों के चक्कर न काटने पड़े। हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर इन्द्रजीत सिंह छोटू का मानना है कि बीमारी ऐसी चीज है कि परिजन कर्जा लेकर भी अपनों का इलाज कराते हैं, लेकिन उनकी कोशिश है कि उनके अस्पताल में आए मरीज के परिजनों के सामने यह स्थिति न आए। कई ऐसे मौके भी आते हैं जब परिजनों के पास फीस तक पैसे नहीं होते, ऐसे मरीजों को लौटाने की बजाए अस्पताल मैनेजमेंट उनका फ्री में ही इलाज करता है। यहां तक कि अस्पताल में मरीजों के साथ- साथ उनके परिजनों को सुबह के नाश्ते से लेकर रात का भोजन तक फ्री में दिया जाता है। ताकि वे टेंशन फ्री होकर अपने मरीज का इलाज आसानी से करा सकें।

### सिंधी ब्रादर मंडल सेक्टर-4 का आम चुनाव 29 को

भिलाई, 23 सितंबर। सिंधी ब्रादर मंडल के महासचिव मनोहर मलकानी ने जानकारी दी है कि सिंधी ब्रादर मंडल के आम चुनाव 29 सितंबर रविवार को सिंधु भवन में होने हैं, साथ ही साथ आमसभा भी होगी और आय व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया जाएगा । आम सभा सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी । अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कार्यकारी सदस्यों के लिए नामांकन दिनांक 23 व 24 सितंबर को भरे जाएंगे। ब्रादर मंडल के उपाध्यक्ष नरेश माखीजानी ने सदस्यों से अपील की है कि चुनाव में भाग लेकर समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करें। कमेटी के सचिव राजकुमार खटवानी ने समाज के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में चुनाव में भाग लें नामांकन दाखिल करें और समाज के उत्थान हेतु अपना कीमती समय दें और समाज को नई दिशा प्रदान करें ।

# छत्तीसगढ़ में भाजपा की सदस्यता का आंकड़ा 17 लाख पंहुचा :अनुराग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,23 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा और कार्ययोजना बैठक दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश सदस्यता संयोजक अनुराग सिंहदेव की मुख्य उपस्थिति में हुई। बैठक में प्रमुख रूप से दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, छत्तीसगढ़ ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, विधायक गजेन्द्र यादव, महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, सदस्यता अभियान जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये, अभियान जिला सदस्य रोहित साहू, उषा टावरी, डॉ. मानसी गुलाटी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, पूर्व विधायक बालमुकुन्द देवांगन, भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन उपस्थित रहे।समीक्षा बैठक में उपस्थित नेताओं के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करते हुए चल रहे सदस्यता अभियान की बारीकी से समीक्षा की गई और आगामी तीनों सदस्यता अभियान के टास्क को पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।इस अवसर पर सदस्यता अभियान प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा कि 2014 के डिजिटल सदस्यता अभियान में छत्तीसगढ़ में 22 लाख सदस्य बने थे जिसमे 6 माह का समय लगा था, और इस बार पार्टी ने प्रत्येक नए सदस्य का विस्तृत डाटा लेने के साथ सदस्यता अभियान को शुरुआत की है। सिर्फ 17 दिनों के अंदर हम लोगों ने 17 लाख की सदस्यता प्रदेश में बना ली है। बारिश में लगातार मौसम की मार को झेलते हुए भी पूरी गति के साथ सक्रियता अभियान चल रहा है, सुदूर बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में भी सदस्यता अभियान बेहद गंभीरता से चलाया जा रहा है। आगामी 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती को सदस्यता के लिए विशेष दिन घोषित करते हुए मोर बूथ मोर अभियान के नाम से उस दिन प्रत्येक बूथ पर आवश्यक रूप से 100 सदस्य बनाना तय किया गया है। हर जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता के साथ-साथ और समस्त कार्यकर्ताओं का बूथ के प्रवास पर रहेंगे। आज जो सदस्य बना है वह पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी का कार्यकर्ता बनेगा और निश्चित तौर पर हमें बड़ी जीत आगामी हर चुनाव में मिलेगी।भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने संगठनात्मक समीक्षा करते हुए सदस्यता अभियान की मंगलवार जानकारी ली और कहा कि जो पूर्व में सक्रिय सदस्य उन्हें 75 सदस्य बनना है और नए सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 लोगों को सदस्य बनना है, भाजपा में आगे राजनीति करने के इच्छुक हर कार्यकर्ता को ये टास्क हर हालत में पूर्ण करना है, इसके लिए किसी भी बड़े नेता की सिफारिश स्वीकार नहीं की जाएगी।छत्तीसगढ़ ग्रामीण विकास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र प्राधिकरण के उपाध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि दुर्ग जिले में टारगेट जो हमें मिला है उसे हम सभी को मिलकर प्राप्त करना है और मुझे पूर्ण यकीन है कि कार्यकर्ता इस लक्ष्य को हासिल करने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाएंगे। मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ताओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा जो नवीन दायित्व दिया गया यह प्रमाण है कि भाजपा हर कार्यकर्ता के कार्यकर्ता के काम का मूल्यांकन करती है। मैं कल भी कार्यकर्ता था और आगे भी पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में कार्य करूंगा।दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान एक चुनौती के रूप में आप सभी लें क्योंकि पूर्व में आप सभी ने लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की चुनौती को पूर्ण करते हुए एक ऐतिहासिक जीत प्राप्त की अब फिर से एक समय आया है हम सभी को सदस्यता अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाना है और मुझे पूर्ण भरोसा है आप इसमें सफल होंगे क्योंकि पार्टी का जितना विस्तार होगा जितने सदस्य बनेंगे पार्टी उतने ही शीर्ष की ओर आगे बढ़ेगी।बैठक के दौरान सदस्यता अभियान जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने दुर्ग जिले के वरिष्ठ नेता 25 सितंबर को सांसद,





विधायक, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारीगण सहित वरिष्ठ नेता कौन-कौन से बूथ में सदस्यता अभियान चलाएंगे इसकी घोषणा की।आयोजित बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं सदस्यता टोली के जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने एवं आभार जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक ने किया।

आयोजित बैठक में जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, विनायक नातू, अलका बाघमार, मंत्री आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, सह कार्यालय मंत्री अनूप सोनी, प्रवक्ता दिनेश देवांगन, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव, सहसंयोजक नारायण दत्त तिवारी, आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता कांतिलाल बोथरा, शिव चंद्राकर, चतुर्भुज राठी, अजय तिवारी, अनूप गटागट, मंडल भाजपा अध्यक्ष लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू, लोकमणि चंद्राकर, मदन वढई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, डॉ. सुनील साहू, जितेंद्र यादव, गिरेश साहू, फते लाल वर्मा, मंडल महामंत्री देवनारायण चंद्राकर, सैयद आसिफ अली, रीता मेश्राम, सोनू राजपूत, अमर यादव, पार्षद शेखर चंद्राकर, राकेश सेन, मनीष साहू, चमेली साहू, कुमारी साहू, गुड्डा यादव, लखेश्वर साहू, गायत्री वर्मा, जय श्री राजपूत, श्वेता ताम्रकार, मौसमी ताम्रकार, शीतल जांगिड़ अंजू तिवारी, तनुजा बघेल सहित सदस्यता अभियान से जुड़े कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# महिलाओं ने निगम अधिकारियों की सद्बुध्दि के लिए किया यज्ञ

**भिलाई, 23 सितंबर।** नगर पालिका निगम क्षेत्र कुरूद के शिव शक्ति धाम मंदिर के पास कुरुद तालाब इस समय गंदगी से भरा पड़ा है। पानी के बजाय इस तालाब में गंदगी और जलकुंभी दिखाई दे रही है। इस बीच क्षेत्र की महिलाओं ने रविवार को सद्बुद्धि यज्ञ किया छठ से पहले महिलाओं का सद्बुद्धि यज्ञ एक माह बाद 7 नवंबर से छठ पर्व शुरू हो रहा है। ये यूपी और बिहार के लोगों का सबसे बड़ा पर्व है। इस पर्व में महिलाएं नदी और तालाब के किनारे पूजा करती हैं। उस पानी में जाकर उगते और ढलते सूर्य को अर्घ्य देती हैं। कुरुद तालाब में हर साल 2 हजार से अधिक लोग छठ पर्व मनाने आते हैं। पिछले साल तक इस तालाब का पानी नहाने लायक था, लेकिन इस बार पानी नहाने लायक नहीं है। पानी से काफी गंध भी आ रहा है। यही कारण है कि महिलाओं ने निगम अधिकारियों के सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया है। स्थानीय निवासी ज्योति मौर्या ने बताया कि सद्बुद्धि यज्ञ नगर निगम के लिए था. इस तालाब की सफाई के लिए पिछले चार वर्षों से आवेदन देकर परेशान हो चुके थे. इस तालाब सफाई नहीं होती है. यहां छठ पूजा में भी सफाई नहीं होती है. हमने प्रशासन से कई बार कहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई स्थानीय निवासी गायत्री शर्मा ने बताया कि आवेदन के बाद भी नहीं हुई सफाई इस बारे में चुनाव के समय वोट देते हैं पर हमारी जरूरतें पूरी नहीं हो पाती है. खाली ये अपना जेब भरते हैं. हमलोग छठ पर्व पर दो दिन का उपवास रखते हैं. हम लोगों ने इसके लिए कई बार यहां शिविर लगा कर आवेदन किया विधायक और कलेक्टर को आवेदन दिए हैं पर कुछ नहीं हुआ 7 स्थानीय निवासी आशा सिंह ने बताया कि हमारे घर के पास का तालाब है. यहां का सबसे बड़ा तालाब है. पिछले सात सालों से इस तालाब की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है 7 निगम और विधायक को आवेदन दिया गया है लेकिन अब तक यहां कोई सुधार नहीं हुआ इसलिए हम उनके सद्बुद्धि के लिए यज्ञ कर रहे हैं ।

# भाजपा सदस्यता अभियान में अब मोर बूथ-मोर अभियान की शुरुआत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 सितंबर।** जिला भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान इन दिनों पूरे जिले में उफान पर है। पार्टी के जिला से लेकर मंडल, शक्ति केन्द्र व बूथ स्तर के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के मिले लक्ष्य को लेकर जमीनी स्तर पर पूरी ताकत के साथ उतर चुके है। इस अभियान की खास बात यह है कि पार्टी की मेंबरशिप के लिये डिजिटल माध्यम से ऑनलाईन सदस्यता ली जा रही है, वही सदस्यता रिकॉर्ड को चुस्त-दुरूस्त रखने के लिये मैनुअल फार्म भी भरवाने का कार्य चल रहा है। इस अभियान को और गति प्रदान करने के लिये आज दिनांक 22 सितम्बर को जिला भाजपा कार्यालय में जिले की एक वृहद बैठक



हुई, जिसमें अबतक हुई सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई तथा आगे का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में प्रदेश भाजपा से आये संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी ने अब इस अभियान को और गति प्रदान करने के लिये ÷मोर बूथ-मोर अभियान÷ के शुरूआत की घोषणा करते हुये कहा कि जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता पूरे प्रदेश में प्रचारित है, यही कारण है कि लोकसभा चुनाव में यहॉ के कार्यकर्ताओं के जीवटता के कारण ही कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पराजय का स्वाद चखना पड़ा।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने अब तक के अभियान का खाका खींचते हुये कहा कि अभी भी कार्यकर्ताओं को घर से बाहर निकलकर इस अभियान को और गति प्रदान करना पड़ेगा तभी हम लक्ष्य को प्राप्त कर पायेंगे। उन्होनें अभियान को और गति देने के लिये जिले के सदस्यता अभियान प्रभारी व सह-प्रभारियों को अब विधानसभा स्तर की जिम्मेदारी सौंपते हुये कहा कि प्रभारीगण अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में दृष्टि जमायें व अभियान को सफल बनायें। इसके तहत सावन वर्मा राजनांदगांव विधानसभा, आभा तिवारी डोंगरगांव विधानसभा, आलोक श्रोती खुज्जी विधानसभा तथा रविन्द्र वैष्णव को डोंगरगढ़ विधानसभा की जिम्मेदारी देकर अभियान में मिले लक्ष्य को पूरा करने की जवाबदेही दी गई। बैठक में कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान को लेकर आ रही दिक्कतों की जानकारी ली गई तथा संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी ने उन समस्याओं का निराकरण भी बताया। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष व डोंगरगांव विधानसभा में अभियान के प्रभारी आभा तिवारी ने उन्हे मिलें लक्ष्य को पूरा करके सदस्यता रिकॉर्ड की पंजी जिला भाजपा अध्यक्ष को सौंपी।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर, 23 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रसिद्ध साहित्यकार, शिक्षाविद और राज्यसभा सांसद पद्म भूषण रामधारी सिंह दिनकर की 23 सितम्बर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिनकर जी ऐसे लेखक थे, जिनमें राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक चेतना के साथ साथ सांस्कृतिक चेतना भी गहरे रूप से मौजूद थी। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता से पहले अपनी प्रेरक कविताओं के माध्यम से लोगों में राष्ट्रवाद की भावना जागृत की। दिनकर जी ओज, विद्रोह, आक्रोश के साथ ही कोमल श्रृंगारिक भावनाओं के कवि थे। उनकी प्रेरक देशभक्ति की रचनाओं के कारण उन्हें राष्ट्रकवि भी कहा जाता है। श्री साय ने कहा कि दिनकर जी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी को पहचान दिलाई। उन्होंने संसद में आम आदमी से जुड़े मुद्दों को जोरशोर से उठाया। उनकी रचना 'संस्कृति के चार अध्याय' के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार और 'उर्वशी' के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिनकर जी का साहित्य और समाज के लिए योगदान विशेषकर हिन्दी को प्रतिष्ठा दिलाने में उनकी भूमिका को हमेशा याद किया जायेगा।

### मोदी है तो संभव है' पुस्तक का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया विमोचन

**रायपुर, 23 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शनिवार रात रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध साहित्यकार, गीतकार रामेश्वर दास वैष्णव द्वारा रचित पुस्तक 'मोदी है तो सम्भव है' का विमोचन किया। विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुस्तक के लेखक रामेश्वर दास वैष्णव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में प्रत्येक क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुए हैं। साथ ही देश के प्रत्येक वर्ग का सर्वांगीण विकास हुआ है। ऐसे में उन्होंने साहित्यिक रचना हेतु पुस्तक के लेखक को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।इस किताब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों को अलग अंदाज में मुक्तकों के द्वारा प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री के प्रेस ऑफिसर श्री आलोक सिंह, सुप्रसिद्ध रंगकर्मी अनिल शर्मा, लेखक विजय मिश्रा 'अमित', सतीश शर्मा, पत्रकार योगेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, हेमंत शर्मा उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से बाबूलाल का पक्का मकान का सपना हुआ पूरा

**रायपुर, 23 सितम्बर।** जिला मुख्यालय कबीरधाम से 62 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पोलमी के निवासी श्री बाबूलाल के जीवन में एक नया अध्याय तब शुरू हुआ जब उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपना पक्का घर मिला। बाबूलाल, जो पहले कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे, बारिश के मौसम में परेशानियों का सामना करते थे। उनका पुराना घर कमजोर था, दीवारों में दरारें थीं, और छत से पानी टपकता था। हर बार मानसून का आना उनके लिए चिंता का सबब होता था। बाबूलाल की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे खुद से पक्का मकान बना सकें। उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा परिवार के दैनिक खर्चों में चला जाता था। लेकिन जब प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी उन्हें मिली, तो उन्होंने इस योजना के तहत आवेदन किया। कुछ समय बाद उन्हें योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ और उनके सपनों का घर बनने की प्रक्रिया शुरू हुई। श्री बाबूलाल ने बताया कि उन्हें वर्ष 2023-24 में आवास बनाने की स्वीकृति दी गई, इसके बाद बाबूलाल को अपने खुद के पक्का मकान की उमीद पूरी होती दिखाई देने लगी।

## निधन

### भुवन लाल सिन्हा

**नगरी।** नगरी निवासी श्री भुवन लाल सिन्हा का 86 वर्ष की उम्र में आज आकस्मिक निधन सुबह 5



बजे हो गया, जिसका अंतिम संस्कार 12 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया,श्री सिन्हा नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी व भाजपा नेता आलोक सिंन्हा एवं नीटू सिंन्हा के पिता श्री है वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, सिंन्हा की निधन की खबर से नगरसियों में शोक व्याप्त है, नगर के गणमान्यजनों ने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कर दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान देने परमात्मा से प्रार्थना किया है।

# दस लाख लेकर सरकार अपना कलंक मिटाने पहुँची कवर्धा:छन्नी साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया 23 सितंबर।** कवर्धा मामले में पुलिस हिरासत में प्रशांत साहू की मौत को लेकर आज राज्य सरकार के दो उपमुख्यमंत्री तथा मंत्री के द्वारा पीड़ित परिवार को 10 लाख की सहायता राशि देने के मामले में पूर्व विधायक छन्नी साहू ने राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि 10 लाख में सहायक सरकार अपना कलंक मिटाने कवर्धा पहुंची है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दिनदहाड़े लोगों की हत्या हो रही है, बलौदा बाजार में सतनामी समाज को प्रताड़ित करने के बाद अब कवर्धा में साहू समाज को सरकार प्रताड़ित कर रही है। पूर्व विधायक ने कहा है कि किलर सरकार नाकाम कानून व्यवस्था में दंडवत हो चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी सरकार पर लगा कलंक मिटाने के लिए राज्य सरकार के मंत्रियों के हाथों पीड़ित परिवार को 10 लख रुपए की सहायता राशि पहुंचाई। कवर्धा मामले में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा एवं विधायक श्रीमती भावना बोहरा के साथ आज लोहारीडीह पहुंचे ?



मृतक प्रशांत साहू के परिजनों को सौंपा दस लाख का चेक, दिया। उपमुख्यमंत्री अरुण साहू तथा विजय शर्मा भले ही पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कर रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार की हकीकत कुछ अलग है ? । पीड़ित और बे गुनाहों को भाजपा सरकार जेल में डाल रही है। पूर्व विधायक ने कहा है कि लोहारीड़ीह के रहने वाले प्रशांत साहू की पुलिस कस्टडी में मौत हो जाती है और घटना के इतने दिनों बाद सरकार को पीड़ित परिवार की सुध आती है। कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पूरी तरह फेलवर है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है आगजनी लूट हत्या की वारदात हो रही है। बलौदा बाजार एवं कवर्धा की घटना को लेकर गृह मंत्री को खुद इस्तीफा दे देना चाहिए।

राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक श्रीमती भावना बोहरा और साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी भी इस दौरान उनके साथ थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोहारीडीह में मृतक प्रशांत साहू के घर पहुँचकर स्वर्गीय प्रशांत साहू की मां को दस लाख रुपए का चेक सौंपा। क्या पीड़ित परिवार को न्याय मिल जाएगा।गांववालों, समाज के वरिष्ठजनों और जनप्रतिनिधियों के साथ मृतकों सर्वश्री शिव प्रसाद साहू, रघुनाथ साहू और प्रशांत साहू के घर पहुँचकर आखिर सरकार किस प्रकार की संवेदना व्यक्त कर रही है। मृतक शिव कुमार के परिवार को भी न्याय मिलना चाहिए। इस पूरी घटनाक्रम की बारिकी से जांच होना चाहिए। आज यह स्थिति है कि लोहार डिही गांव में लोगों को राशन तक नहीं मिल रहा है। गांव में सन्नाटा पासरा है। यहां की महिलाएं बच्चों को जेल में डाल दिया गया है। आखिर भाजपा सरकार कर क्या रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भी लोहारीडीह में दुखद घटना पर अपनी गहरी संवेदना और दुःख प्रकट किया है। उन्होंने घटना की हर पहलुओं की बारीकी तथा पूरी संवेदनशीलता के साथ जांच के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि आज हमने मृतक श्री रघुनाथ साहू के घर पहुंचकर आगजनी में जले उसके घर का मुआयना किया है। मृतक शिव प्रसाद के ब लोहारीडीह की घटना की हर पहलू की जांच की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा शासन में बढ़ रहा अपराधों का ग्राफ: महेंद्र यादव

**छूरिया 23 सितंबर।** जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस के युवा नेता महेंद्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा शासन के 9 महीने में ही



गुंडाराज कायम हो गया है। अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं इस वजह से भाजपा पर से आम आदमी का भरोसा उठ गया है उन्होंने कबीरधाम जिले लोहारीडीह गांव के युवक प्रशांत साहू को पुलिस कस्टडी में बर्बरतापूर्वक मारा गया। इतना मारा गया की उसके प्राण निकल गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को और गृहमंत्री विजय शर्मा को तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए। एक निकम्मा गृहमंत्री जिसके गृह जिला और विधानसभा क्षेत्र में एक युवक पुलिसिया बर्बरता का भेंट चढ़ गया जो कि घोर निंदनीय है। श्री यादव ने आगे कहा कि प्रदेश के गृह मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री तथा राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा उनके राज में पूरे प्रदेश में अत्याचार की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के इस तरह से अत्याचार के खिलाफ पूरे प्रदेश की जनता मे भारी आक्रोश व्याप्त है। सत्ता पार्टी के भाजपा के दबाव में आकर पुलिस जो अत्याचार कर रही है वह निंदनीय है। ऐसी स्थिति में विजय शर्मा को नैतिकता के नाते अपने सभी पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए ।उन्होंने इसके अनेक उदाहरण दिए हैं ताजा घटनाक्रम कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव का देते हुए कहा कि वहां पुलिस बर्बरता की जो तस्वीर और कहानी सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। वह रूह काप देने वाली है। जनता देख रही है समझ रही है भाजपा शासन में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। आम जनता देख रही है सुन रही है।आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में उसके बाद पंचायती राज त्रिस्तरीय चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा ।

### जनजाति समाज साय सरकार को मजबूत करने भाजपा से जुड़े:रमेश हिड़ामे

**मोहला 23 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मोहला मानपूर अं चौकी के उपाध्यक्ष रमेश हिड़ामे ने कहा है कि सी पी बरार से लेकर अब तक के राजनितिक सफर को देखें तो जनजातियों के लिये काईयों राजनैतिक ऊतार चढ़ाव आये लेकिन वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में एक आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाया छ ग का आदिवासी समाज हमेशा आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग करते आ रहा था और छ ग के आदिवासियों ने भी एकतरफा भारतीय जनता पार्टी को विधायक चुनकर समर्थन दिया और भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय समिति ने एक सरल और कुशाग्र ख्यातिलब्ध विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाया 1980 से अब तक का भारतीय जनता पार्टी के सफर को देखे तो कांग्रेस द्वारा शोषित पीड़ीत गरीब मजदूर लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़कर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत किया और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही शोषित पीड़ीत गरीब मजदूर की उत्थान के लिये योजनायें लेकर आयी और देश में विकास शब्द का उद्भव हुआ लोगों में पहली बार विकास क्या है? जानने समझने का अवसर मिला जो आज विकास एक जन आंदोलन का स्वरूप बना है भाजपा सरकार ने विकास को आधार मानकर जनजाति बाहुल्य क्षेत्र को प्रदेश बनाया तब से जनजातियों में जन आंदोलनों का संगठन बना जो जागृत होने का आधार बना भारतीय जनता पार्टी ने ही जनजाति समाज से देश का सर्वोच्च पद राष्ट्रपति को जनजाति को देकर शुशोभित किया जनजातियों के सर्वांगीण विकास का बजट लाया भारतीय जनता पार्टी की देश व छग प्रदेश की हर योजनाओं से सबका साथ सबका विकास के अवधारना में जनजाति समाज का भी विकास हो रहा है आज अवसर है देश व प्रदेश के जनजाति समाज को कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में ज्यादा से ज्यादा भागीदार बन जनजाति समाज को मान सम्मान देने वाले भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़कर राष्ट्रपति महामहिम द्रोपती मुर्मू व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को मजबूत करें तथा प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करें।यही भारतीय जनता पार्टी के प्रति सच्चा आभार होगा।

### अच्छी आदत से होता है सदभाग्य का निर्माण: मुनि सुधाकर

**रायपुर 23 सितंबर।** तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, रायपुर द्वारा ÷गुड लाईफ



गुड लक पर भव्य सेमिनार का आयोजन रायपुर स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में आज दिनांक 22/09/2024, रविवार को किया जिसमें विशाल जनमेदनी जिसमें रायपुर के अलावा विभिन्न शहरों से श्रावक-श्राविकाओं का आगमन हुआ विशेष रूप से छत्तीसगढ़ शासन के महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका मुख्य अतिथि व मार्वल टी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री प्रवीण जी जैन विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। लगभग ढाई घंटे चले सेमिनार में मुनि सुधाकर ने नवग्रह को अपनी छोटी छोटी आदतों से कैसे अनुकूल बनाया जा सकता है बताया। मुख्य अतिथि महामहिम ने पूर्व में तेरापंथ धर्म संघ के आचार्य श्री महाश्रमण जी के विभिन्न क्षेत्रों पर किए हुए दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं जल्द ही सूरत में आचार्य श्री के दर्शन करुंगा। राज्यपाल महोदय ने कहा कि मुनिश्री ने जो छोटी-छोटी बातें हमे बतलाई है उसे जीवन में उतारने का हमें लक्ष्य रखना चाहिए। ज्ञातव्य है मुनिश्री का संबोधन पूरा होते ही महामहिम ने कहा कि यदि मुनिश्री आपके पास में अपना संबोधन नोट किया हुआ होतो हमें देवें। मुनिश्री ने जब डायरी बतायी तो महामहिम ने ष्ठत्र को उस डायरी की कापी कराने निर्देश दिया। सेमिनार का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र से किया गया।मुनि सुधाकर जी ने अष्ट कर्मो व नवग्रहों का तुलनात्मक संबंध बताते हुए आगे कहा कि कर्म हो या ग्रह जिम्मेदार व्यक्ति स्वयं होता है । अपने उत्थान , पतन, सुख दुख का कारण भी व्यक्ति स्वयं होता है 7 व्यक्ति की क्रिया ही कर्म व ग्रह के परिणाम के रूप में फल देती है किंतु हर व्यक्ति में वह शक्ति और सामर्थ्य होता है कि वह अपने किए हुए फलों में भी शुभ व अशुभ परिवर्तन कर सकता है । मुनि श्री ने नव ग्रहों का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा हम अपने आदत व स्वभाव से ग्रहों के प्रभाव को प्रभावित कर सकते हैं। मुनि नरेश कुमार जी का विशेष वक्तव्य हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत वक्तव्य अध्यक्ष श्री तरुण नाहर ने दिया एवं आभार मंत्री अरुण सिपानी व कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती गादिया व श्रीमती रितु चौरड़िया ने किया।

# पुलिस नगर में अवैध शराब,डीजे साउंड सिस्टम के खिलाफ चला रही अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 सितंबर।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आसामाजिक तत्वों. अवैध शराब बिक्री. डीजे साउंड सिस्टम के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है द्य इसी क्रम में दिनांक 21/09/2024 को मुखबीर से सूचना मिली कि कमल विश्वकर्मा नामक व्यक्ति सीआई टी चौक कन्हारपुरी के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है की सूचना पर मौका पहुंच कर रेड कार्रवाई कर आरोपी कमल विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय तुलसीदास विश्वकर्मा उम्र 51वर्ष साकिन सी आई टी चौक कन्हारपुरी थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव को घेराबंदी कर पकड़े जिसके कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब 3.260 बल्क लीटर कीमती 1620 रुपया एवं बिक्री रकम 360 रुपए जुमला कीमती 1980 रुपए जप्त कर धारा 34-1 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गईद्य इसी तरह दिनांक 21.9.2024 को रात्रि में राजनांदगांव बिल्डिंग ठेकेदार संघ द्वारा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लोक गायक पंडित विवेक शर्मा रायपुर का स्टेट स्कूल मैदान में संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें साहू साउंड सिस्टम अमलेश्वर के संचालक महेंद्र सिंह साहू



पिता हेमलाल साहू उम्र 39 वर्ष साकिन थाना अभनपुर जिला रायपुर द्वारा रात्रि 22/55 बजे बिना अनुमति के समय सीमा से बाहर तीव्र आवाज में साउंड सिस्टम को बजाया जाना पाए जाने से आरोपी के कब्जे से छोटा बड़ा चार नग साउंड सिस्टम एवं एमप्लीफायर को जप्त कर धारा 4.15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गईद्य आगे भीअसमाजिक तत्वों अवैध शराब बिक्री वह डीजे साउंड सिस्टम के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उपनिरीक्षक धनीराम नारंगे. सहायक उप निरीक्षक ईसराफिल खान. प्रश आरश चंद्रेश सिंन्हा. आरक्षक प्रख्यात जैन. प्रदीप जायसवाल. किशन चंद्रा, लिलेन्द्र पटेल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से मिली आर्थिक सहायता

**रायपुर, 23 सितम्बर।** बिलासपुर के हेमूनगर निवासी लालवानी परिवार के मुखिया खियाल दास लालवानी को किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' के तहत सहायता राशि स्वीकृत हुई है, जिससे अब उनका इलाज चल रहा है, और परिवार ने राहत की सांस ली है। लालवानी परिवार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल के लिए आभार जताया है। लालवानी परिवार पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब उनके घर के एक मात्र कमाने वाले सदस्य किडनी की गंभीर बीमारी की चपेट में आ गए। बुधवारी बाजार में अपने छोटे से व्यवसाय से परिवार चलाने वाले मुखिया की गंभीर बीमारी ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। खियाल दास लालवानी की पत्नी श्रीमती लक्ष्मी लालवानी ने भावुक होकर बताया कि पिछले 6 साल में महंगे इलाज के खर्च में उनकी जमा पूंजी खत्म हो गई, दो बेटियों की पढ़ाई प्रभावित होने लगी। इस परिस्थिति में बेटियों की उच्चशिक्षा का खर्च उठाना मुश्किल हो गया और मुझे व्यवसाय संभालना पड़ा, जबकि मैं हमेशा से एक गृहिणी थी। श्रीमती लालवानी ने बताया कि बेटियों ने अपनी पढ़ाई के साथ घर पर ट्यूशन पढ़ाकर परिवार के जरूरी खर्च पूरे किए, लेकिन डायलिसिस का महंगा खर्च वहन करना उनके लिए बेहद मुश्किल था। ऐसे में उन्हें इस योजना के विषय में जानकारी मिली, और आवेदन करने के बाद त्वरित रूप से सहायता राशि स्वीकृत हुई। अब आसानी से उनके पति का इलाज हो पा रहा है।

# विष्णु के सुशासन में महिलाओं को मिल रहा आर्थिक संबल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 23 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में योजनाओं का लाभ अब बेहतर रूप से मिलने लगा है। यह कहना है धमतरी शहर से लगे अधारी नवागांव की श्रीमती नसीम बानो का। वे कहती हैं कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने कई योजनाएं लागू की है। इन्हीं योजनाओं में से एक है महतारी वंदन योजना, जिससे महिलाएं सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर होने के साथ ही परिवार में अपनी भूमिका को मजबूत कर रही है। वे बताती हैं कि उनके परिवार में कुल सात महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। उनके संयुक्त परिवार में सास श्रीमती नूरजहां बेगम और छः देवरानी, जेठानियों क्रमशः श्रीमती रुखसार, श्रीमती



नसीम बानो, श्रीमती राजिया बेगम, श्रीमती परवीन बेगम, श्रीमती वहीदा और श्रीमती जमीला बेगम के खाते में एक साथ हर माह एक-एक हजार रूपये आते हैं। महतारी वंदन योजना के एक हजार रुपये की राशि से हम घर की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में लगाते हैं। अब हम भी निजी जरूरतों, घरेलू आवश्यकताओं व दैनिक उपयोग की चीजों की खरीदी एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हो गए हैं। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक संबलता प्रदान करने व लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री को सहृदय धन्यवाद दिया है।

# गाली देने,मारपीट करने पर आदतन बदमाश पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 सितंबर।** प्रार्थिया आज दिनांक 22.09.24 को चौकी चिखली हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 21.09.2024 के रात्रि मे अपने घर के सामने अपने पति के साथ खाना खाकर बैठे हुए थे कि उसी समय दीनदयाल नगर निवासी भास्कर खान शराब के नशे में आकर पुरानी रंजिश को लेकर गंदी गंदी गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मेरे एवं मेरा पति को हाथ मुक्का से मारपीट किया व भास्कर खान अपने पास मे रखे चाकु से मेरे मंझला लडका को मारपीट किया मारपीट मेरा लड़का के दाहिना हाथ में चोट आया है तथा जान से मारने की धमकी दिया है कि रिपोर्ट पर धारा 296,351(2),115(2) भा.न.सं का अपराध दर्ज कर मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में आदतन




बदमाश की दीनदयाल नगर कालोनी चिखली मे छिपने की पुख्ता सूचना पर घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी भास्कर खान पिता मुजीब खान उम्र 23 वर्ष साकिन निवासी चिखली दीनदयालनगर अटल आवास वार्ड नंबर 06 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव को पकड़ा गया आरोपी से कड़ाई से पुछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने बाद , आरोपी के निषानदेही पर घटना मे प्रयुक्त धारदार चाकू को जप्त किया गया । बदमाश आरोपी के विरूद्ध हत्या का प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट अनेक मामले पूर्व में दर्ज है। आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेष कर आदेषानुसार जेल दाखिल किया गया । अनावेदक रवि सिन्हा, संतोष उर्फ चंदन बंजारे शराब के नषे मे गर्वमेंट प्रेस के नषे मे आने जाने वाले लोगो को गाली गलौच कर वाद विवाद कर अषांति फैला रहा था कि सूचना पर मौके पर राहगीरो और पुलिस द्वारा समझाने पर और आक्रोषित होने लगा संज्ञेय अपराध की आषंका पर 01. रवि सिन्हा पिता स्व0 सुखराम सिन्हा उम्र 19 साल साकिन शांतिनगर गली नं. 01 ओपी चिखली, 02. संतोष उर्फ चंदन बंजारे पिता श्री राम कृष्ण बंजारे उम्र 27 साल साकिन रामनगर श्रीराम कालोनी ओपी चिखली जिला राजनांदगांव को धारा 170, 126,135(3) बीएनएसएस के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय मे पेष किया गया । क्षेत्र मे शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा, बदमाष, असमाजिक तत्वो पर विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी । उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, सउनि इब्राहिम खान, प्र.आर. अरविंद साहू, अरूण कुमार नेताम, म0प्र0आर0 वंदना पटले, आर0 मनोज जैन, सुनील बैरागी, देवेन्द्र ब्रम्हणकर, सिन्धु सिन्हा चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

### करहीबाजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जनवरी से अब तक 129 प्रसव

**रायपुर, 23 सितंबर।** मुंख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के विशेष प्रयासों से स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से संस्थागत प्रसव में बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है। बलौदाबाजार भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत करहीबाजार में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक 129 प्रसव हुए हैं जो औसतन 16 प्रतिमाह है। जबकि लक्ष्य 3 प्रतिमाह का है। इस तरह करहीबाजार स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह लक्ष्य से पाँच गुना अधिक प्रसव हो रहा है। जो शासकीय संस्थाओं के प्रति लोगों के विश्वास को दिखाता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में विगत दिनों हुए एक प्रसव में चार किग्रा के शिशु वाली गर्भवती महिला ग्राम केशला निवासी 26 वर्षीय श्रीमती पितर पटेल का सामान्य प्रसव कराया गया। उनके पति हरकुमार पटेल ने बताया की वह कृषि मजदूरी करते हैं और पत्नी का यह तीसरा बच्चा है। बीच में आवश्यक जांच हुई थी और हम लोग एक निजी अस्पताल भी गए थे। पर फिर करहीबाजार के स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क किये जहाँ स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने आवश्यक दवाईयां और सलाह दी तथा समय-समय पर हम लोग जाँच के लिए जाते रहे है। प्रसव के बाद अब जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

## संपादकीय

# जनता भी समझती है दलों की राजनीति को

जनता भी समझती है आजकल राजनीतिक दलों की राजनीति की।इसलिए वह कोई भी राजनीतिक दल हो वह उसके आयोजन को अपना पूरा समर्थन नहीं देती है। खासकर कोई राजनीतिक दल महज यह बताने के लिए जब राज्य स्तर पर बंद का आयोजन करता है कि देखो जनता सरकार के खिलाफ है। जनता भले बंद का समर्थन न करे लेकिन सारे राजनीतिक दलों का तो यही कहना रहता है कि जनता उसके साथ है,जनता सरकार से नाराज है।जनता पूरी तरह किसी तरह राजनीतिक दलों के साथ नहीं रहती हैराजनीति का सच यही है और यही लोकतंत्र की खूबसूरती है। लोकतंत्र में चुनाव से लेकर राजनीतिक दलों का कोई भी आयोजन उसमें जनता को यह अधिकार रहता है कि वह वोट किसको करे, वह किसके आयोजन मे जाए और किसके आयोजन में न जाए। किसके आंदोलन का समर्थन करे किसके आंदोलन का समर्थन न करे। कोई राजनीतिक दल राज्य स्तर पर बंद का आयोजन करे तो उसका समर्थन करे या न करे। कोई राजनीतिक दल अगर यह सोचता है कि किसी गांव में आपसी विवाद के चलते किसी की हत्या हो जाए, और उसके लिए वह राज्य में बंद का आयोजन करेगा तो उसे जनता का समर्थन मिल जाएगा यह उसका वहम होता है और उसका वहम जनता बंद का पूरा समर्थन न करके तोड़ देती है। वह बता देती है कि हत्या कोई इतना बड़ा मुद्दा नहीं है कि जनता उसके लिए एक दिन भी अपना काम बंद कर दे। हत्या कब नहीं होती है कौन से सरकार के समय नहीं होती है. पुलिस की हिरासत में या पुलिस की मारपीट से हत्या भी किस सरकार के समय नहीं होती है। ऐसी घटनाओं को कोई सरकार पूरी तरह नहीं रोक सकती है। इसके लिए सरकार को दोषी ठहरा देना किसी भी तरह से ठीक नहीं कहा जा सकता। किसी सरकार को दोषी ठहरा देने से इस तरह की घटनाएं नहीं रुकती है, किसी पुलिस अफसर या कुछ पुलिस वालों को निलंबन की सजा दे देने से और विरोध में छत्तीसगढ़ बंद करने से भी इस तरह की घटनाएं नहीं रुक सकती। पुलिस तंत्र में खामी है, यह खामी हर सरकार के समय रहती है, हर सरकार का काम है कि उसे पुलिस तंत्र की खामी का पता चले तो उसे दूर करने का प्रयास करे. यह कहना लोगों को अच्छा नहीं लगता है लेकिन लोगों को कहना पड़ता है कि पुलिस का उपयोग दुरुपयोग हर सरकार अपनी तरह से करती है। इसके अलावा हर सरकार के समय उसकी कोई न कोई खामी किसी बड़ी घटना के बाद सामने आती है तो यह उस सरकार का काम है कि उस खामी को दूर करने का प्रयास करे. प्रयास इतनी गंभीरता से होना चाहिए कि उसके बाद फिर वैसा घटना न हो। ऐसा होता नहीं है। इसलिए सरकारें तो आती जाती रहती है लेकिन पुलिस तंत्र में व्याप्त खामी बनी रहती है। पुलिस की हिरासत में हर सरकार के समय किसी न किसी आरोपी इसलिए मौत होती है कि पुलिस उसको पीटती है, या पुलिस थाने में ले जाते ही पुलिस की पिटाई की डर से कई बार लोग किसी तरह आत्महत्या कर लेते हैं। चाहे पुलिस की पिटाई से कोई मर जाए या पुलिस की पिटाई के डर से कोई आत्महत्या कर ले यह पुलिस तंत्र की खामी तो है पर मालूम होने के बाद भी किसी सरकार ने ऐसी कोशिश नहीं कि भविष्य में किसी की पुलिस पिटाई से मौत हो जाए। भूपेश सरकार पांच साल सत्ता में रही लेकिन क्या वह पुलिस को किसी को पीटने से रोक पाई। क्या किसी को थाने में बाहर नहीं पीटा। पुलिस की पिटाई हर सरकार के समय बुराई होने के बाद चलती रहती है तो कभी कभी ऐसा होना तय है कि पुलिस की पिटाई से किसी की मौत हो जाए। यह सच है कि पुलिस की पिटाई से लोगों की मौत हो जाती है लेकिन यह भी सच है कि पुलिस किसी को मारने के लिए नहीं पीटती है। किसी की हत्या करने के लिए नहीं मारती है। न कोई सरकार पुलिस को कहती है कि वह किसी की पीट कर हत्या कर दे। सरकार नहीं चाहती हैं कुछ घटनाएं हों, पुलिस भी चाहती है कि कुछ घटनाएं न हो लेकिन कुछ घटनाएं हो जाती है तो इसकी वजह पुलिस तंत्र की खामी है।

गंभीर मुद्दा

तनवीर जाफरी

# हमारी विनाश सामग्री हमारी ही जेब में ?



जब से मोबाईल फोन प्रचलन में आया है तब से देश में ऐसे सैकड़ों हादसों की खबरें आईं जिनसे पता चला कि मोबाइल फोन में ब्लॉस्ट हो गया। कभी उनकी बैटरी ओवर हीट होकर फट गयी तो कभी चार्जिंग में लगे सेलफोन में विस्फोट गया। याद कीजिये किसी समय में विश्व की सबसे बड़ी मोबाईल निमार्ता कम्पनी मानी जाने वाली 'नोकिया' को अपने मोबाईल में होने वाले विस्फोट की घटनाओं के चलते 2007 में अपने इछ-5उ मोबाइल फोन मॉडल की 46 मिलियन बैटरियों को वापस मंगाना पड़ा था। मोबाईल फोन फटने की इन घटनाओं में अनेक लोगों के बुरी तरह से घायल होने यहाँ तक कि दर्जनों लोगों की मौत होने तक की खबरें आई थीं। केरल में त्रिशूर जिले के तिरुविल्वमला में ,राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में उत्तर प्रदेश के बरेली मेरठ व फरुर्खाबाद में, आंधप्रदेश के प्रकाशम जिले तथा ओडिशा आदि स्थानों में ऐसे अनेक हादसे हुये जहाँ मोबाईल में हुये विस्फोट के कारण लोगों को अपनी जानें तक गंवानी पड़ीं। इसी तरह पिछली रिकार्ड तोड़ गर्मी के दौरान बढ़ते तापमान के चलते अनेक एयर कन्डीशन के कम्प्रेसर फटने यहाँ तक कि इन विस्फोटों के परिणामस्वरूप घरों में आग लगने तक की खबरें आईं। इसके बाद 2017 में कोरियन स्मार्टफोन कंपनी सैमसंग ने अपने जिस फ़्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी नोट 7 को लॉन्च किया था उसकी लांचिंग के केवल दो सप्ताह बाद ही इस मोबाईल में चार्जिंग के दौरान विस्फोट की शिकायत के कारण कंपनी ने इसकी बिक्री पर रोक लगा दी थी। बाद में गैलेक्सी नोट 7एस खरीद चुके नए स्मार्टफोन को कम्पनी ने बिना शर्त बदलने का निर्देश दिया। उसके साथ ही कम्पनी द्वारा दुनियाभर से गैलेक्सी नोट 7 वापस मांगे लिये गये। उस समय भारत में सैमसंग गैलेक्सी नोट 7 का मूल्य 59,900 रुपये था। परन्तु इन सब दहशत पूर्ण घटनाओं के बावजूद जनमानस में भय व अविश्वास का ऐसा वातावरण कभी नहीं बना जैसा पिछले



दिनों इस्राइल द्वारा छल कपट द्वारा लेबनान के विभिन्न शहरों में एक साथ अंजाम दिये गये पेजर व वॉकी टॉकी में हुये धमाकों और इनके परिणाम स्वरूप होने वाली तबाही के बाद उत्पन्न हुआ है। इन धमाकों में दर्जनों लोगों के मरने व तीन हजार से अधिक लोगों के घायल होने की खबरें हैं। पहले तो यह खबर थी कि लेबनान में धमाके से फटने वाले पेजर को ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी गोल्ड अपोलो द्वारा बनाया गया था। जबकि गोल्ड अपोलो ने इस पेजर को बनाने से साफ इनकार कर रही है। गोल्ड अपोलो कंपनी, हंगरी की एक कंपनी को इसके निर्माण का जिम्मेदार बता रही है। गोल्ड अपोलो का दावा है कि लेबनान में एक साथ फटने वाले अफ-924 पेजर का निर्माण बुडापेस्ट स्थित इअउ कंसल्टिंग ङत्रछ ने किया था। जोकि एक सहयोग समझौते के तहत बीएसी लेबनान और सीरिया में पेजर की बिक्री के लिए गोल्ड अपोलो ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल कर सकती है। परन्तु इसके निर्माण के लिए बीएसी ही जिम्मेदार है गोल्ड अपोलो नहीं। परन्तु हंगरी के अधिकारियों ने भी गोल्ड अपोलो के बयान को खारिज करते हुए कहा कि बुडापेस्ट में मौजूद कंपनी एक व्यापारिक मध्यस्थ है। वहां पर इसका कोई भी उत्पादन यूनिट नहीं है। फिर सवाल यह है कि आखिर लेबनान में फटने वाले पेजर का निर्माण किसने किया?पूरे विश्व को हतप्रभ कर देने वाले इस पूरे घटनाक्रम को लेकर यदि न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट को सच माना जाये तो लेबनॉन में विस्फोट होने वाले पेजर व वाकी टाकी के निर्माण से लेकर इसके विस्फोट तक में इस्राईली खुफिया एजेंसी मोसाद की ही भूमिका है। अज्ञात स्रोतों के हवाले से न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि इस्राईल ने पेजर के अंदर बम छिपाए और इसमें एक स्विच जोड़ा, जिसका प्रयोग बाद में उन्हें दूर से विस्फोट करने के लिए किया गया। मोसाद की ही खड़ी की गयी फर्जी कंपनी से ये हैंडसेट खरीदे भी गये थे। मोसाद ने ही ऐसा जाल बिछाया कि उसने लेबनान से पैसे लेकर उन्हें पेजर और वॉकी-टॉकी सेट बेचे और उन्हीं के द्वारा हिज्बुल्लाह के कई लड़ाकों को मार भी दिया। यानी पूरी चतुराई के साथ मारने वाले बम रुपी उपकरण को बनाने का मूल्य भी वसूल किया और उनका विस्फोट कर हत्याएं अंजाम देने का अपना लक्ष्य भी पूरा किया। और इससे भी बड़ी सफलता इस्राईल को तब मिली जब हिज्बुल्लाह ने भयवश पेजर और वाकी टॉकी जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरण इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया। गौर तलब है कि लोकेशन ट्रेस होने के भय से हिज्बुल्लाह पहले ही मोबाईल के इस्तेमाल बंद कर चुका है। ऐसे में इलेक्ट्रानिक व साइबर तकनीक पर आधारित होते जा रहे दौर में अपनाई जा रही वर्तमान आधुनिक रणनीति में हिज्बुल्लाह इस्राईली छल कपट का सामना कैसे कर सकेगा ? इस घटना ने पूरे विश्व को यह भी सोचने को मजबूर कर दिया है कि क्या इलेक्ट्रानिक उपकरण पर आश्रित हो चुकी इस दुनिया का भविष्य भी अब मोसाद जैसी एजेंसियों के हाथों में जा चुका है ? याद कीजिये इस्राईली साइबर-आर्म्स कंपनी एनएसओ ग्रुप द्वारा विकसित पैगसेस जैसा खतरनाक स्पाइवेयर जिसे आईओएस और एंड्रॉइड चलाने वाले मोबाइल फोन पर गुप्त रूप से और दूर से इंस्टॉल करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस पैगसेस स्पाइवेयर ने कुछ समय पूर्व भारत में भी तहलका मचा दिया था। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या सायबर तकनीक व इलेक्ट्रानिक उपकरण का इस्तेमाल करने वाले लोगों की जान,उनकी गोपनीयता यहाँ तक कि उनके व्यवसाय उनकी जमापूंजी सब कुछ खतरे में आ चुकी है ? इस बात की क्या गारंटी है कि इसी तकनीक का दुरूपयोग कर या हैकिंग के द्वारा भविष्य में इसका इस्तेमाल किसी विमान में या जलपोत में नहीं होगा ? आज जब लगभग पूरी दुनिया की लोकेशन सार्वजनिक हो चुकी है ऐसे में किसी के द्वारा किसी को भी निशाना बनाना असंभव नहीं रहा। मोसाद जैसी मानवता की दुश्मन कोई भी कपटी एजेंसी लेबनान में अपनाये गये तरीके से तो कहीं भी तबाही मचा सकती है। तो क्या आधुनिक विज्ञान के वर्तमान दौर में हम अपने विनाश की सामग्री अपनी ही जेब में लिये फिर रहे हैं ?

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको जल्दबाजी में किसी काम को करने से बचना होगा, नहीं तो कोई नुकसान हो सकता है। पारिवारिक बिजनेस में आपके परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं। आप अपने कामों को सोच समझकर करें, नहीं तो उससे आपको नुकसान हो सकता है। पिताजी की सेहत को लेकर आप लापरवाही बिल्कुल न दिखाएं।

वृषभ- आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, वह नौकरी में अच्छा नाम कमाएंगे। आप जीवनसाथी को लेकर कहीं लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं। नौकरी में यदि आपको कुछ समस्याएं आ रही थी, तो आप बदलाव की योजना बना सकते हैं। आपको किसी पर भरोसा करने से बचना होगा, नहीं तो वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। आप अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए कुछ उलझने लेकर आने वाला है, जिससे आपका मन परेशान रहेगा। आज विद्यार्थी किसी नए कोर्स में दाखिला ले सकते हैं, जिसमें वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी कोई प्रॉपर्टी की खरीदारी यदि लंबे समय से रुकी हुई थी, तो आप अभी कुछ समय और रुक जाएं। नौकरी को लेकर आपके मन में कुछ टेंशन रहेगी, क्योंकि आपको मन मुताबिक काम ना मिलने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको अपने किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आप अपनी दिनचर्या में कोई बदलाव बहुत ही सोच विचार के साथ करें। यदि आप किसी नई योजना की शुरूआत करने जा रहे हैं, तो उसमें कुछ समस्या आ सकती है। आपका कोई मित्र आपके साथ धोखा कर सकता है। आपका मन बेवजह के कामों को लेकर परेशान रहेगा। माता-पिता आपके कामों में आपको पूरा साथ देंगे। आप अपने भाइयों से मदद मांगेंगे, तो वह भी आसानी से मिल जाएगी। संतान की संगत की ओर आपको विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ने से आपको खुशी होगी। परिवार में माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके अंदर ऊर्जा रहने के कारण आप कार्य को करने के लिए तत्पर रहेंगे। आपके व्यवहार से लोग खुश रहेंगे। आपके परिवार में चल रही समस्याओं को लेकर बड़े सदस्यों से बातचीत कर सकते हैं। छोटे बच्चों के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आपका कोई प्रॉपर्टी से जुड़ा मामला सुलझेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी आय बढ़ने से आपको खुशी होगी। आपके अंदर छुपी हुई प्रतिभा बाहर निकलेगी, जिसे देखकर लोग हैरान रहेंगे। परिवार में आपकी दी गई सलाह लोगों को पसंद आएगी। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे आपको खुशी होगी। आप अपने बिजनेस को लेकर यदि कोई फैसला लेंगे, तो बहुत ही सोच समझकर चलें। आपकी कोई खोई हुई वस्तु आपको प्राप्त हो सकती हैं।

तुला- आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मिलने आ सकता है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होगी। नौकरी से जुड़े लोगों को अपने कामों पर पूरा फोकस रखने की आवश्यकता है, नहीं तो उनके विरोधी परेशान कर सकते है। आप किसी नई प्रॉपर्टी में निवेश करने की योजना बना सकते हैं। आप यदि मार्केटिंग से जुड़ा कोई काम करते हैं, तो आपको बड़ा लाभ मिलेगा। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उनके कामों से उनको सम्मान मिलने की संभावना है। आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में किसी तीसरे व्यक्ति के आने के कारण लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे। आपका कोई पुराना वाद विवाद यदि आपको परेशान कर रहा था, तो आपको किसी काम को लेकर अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी। भाई व बहनों से आपकी खूब पटेगी। आप किसी से किए हुए वादे को पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको पारिवारिक मामलों में सोच समझकर बोलने की आवश्यकता है, नहीं तो उसमें आपको भी खरी खोटी सुनने को मिल सकती है। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। माता-पिता के साथ आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य को आपकी याद सता सकती है। आपको अपने सीनियर्स का पूरा साथ मिलेगा। यदि घूमने फिरने जाएं, तो उसमें अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें।

मकर- आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनों भरा रहेगा। आपकी कोई बड़ी डील फाइनल होते-होते अटक सकती है। आप अपने बिजनेस में जितनी मेहनत करेंगे, उसमे उतना लाभ न मिलने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे, जिससे आपको निराशा हाथ लगेगी। यदि संतान के विवाह में आ रही समस्या को लेकर आप परेशान चल रहे थे, तो उसमें आप आपने मित्र की मदद कर सकते हैं। आप अपने परिवार के सदस्यों को लेकर कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे स्वार्थ समझ सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको किसी जरूरी मामले को संयम रखकर निपटाने की आवश्यकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आप अपनी बुद्धि व विवेक से अपने कामों में आगे बढ़े, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपने सीनियर्स का पूरा साथ मिलेगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आप अपने व्यापार में नवीनता ला सके ले, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

मीन- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें, क्योंकि बेफिजूल के खर्चे में बढ़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपको अपने अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग आज कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे, जो उनके कामो में उनकी सहायता करेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप आज किसी काम को लेकर यदि परेशान चल रहे थे, तो उसके लिए कोई लोन आदि ले सकते हैं, जिससे वह आसानी से पूरा हो जाएगा।

विदेश

मनोज कुमार अग्रवाल

# इजराइल ने आतंक के सरगनाओं को दिया कड़ा सबक !



इस्लामिक देशों की आंख की किरकिरी बने विश्व के इकलौते यहूदी बहुल देश इजराइल ने अपने तकनीक के विध्वंसक इस्तेमाल से लेबनान के आतंकी सरगनाओं को ऐसा सबक दिया है जिसे भुलाना आसान नहीं होगा। हाल ही में इजराइल ने हिज्बुलला के कम्युनिकेशन सिस्टम में घुसपैठ कर तबाही मचा दी है. 17 और 18 सितंबर को हजारों पेजर्स और वॉकी-टॉकी में धमाके हुए, इनमें करीब 37 लोगों की मौत हो गई वहीं 3 हजारी से ज्यादा लोग घायल हो गए. माना जा रहा है कि मरने वालों और घायलों में ज्यादातर हिजबुल्लाह के लड़ाके शामिल हैं.इस पूरे मामले में सबसे हैरान वाली बात ये है कि जिन देशों से हिजबुल्लाह ने पेजर्स और वॉकी-टॉकी खरीदे थे, उन्हें भी इजराइल के इस प्लान की भनक तक नहीं लगी. रिपोर्ट्स के मुताबिक जिन पेजर्स में धमाके हुए उन पर ताइवान की गोल्ड अपोलो कंपनी का नाम था तो वहीं वॉकी-टॉकी जापान की आइकॉम निर्मित थे.लेकिन इन दोनों ही देशों की कंपनियों की ओर से जो बयान सामने आए हैं वो दिखाते हैं कि इजराइल ने इस प्लान को कितनी चतुरता से एक्जीक्यूट किया है. एक ओर ताइवान की कंपनी ने गेंद हंगरी की कंपनी के पाले में डाल दिया है तो वहीं दूसरी ओर जापान की कंपनी का कहना है कि उसने इन पेजर्स का निर्माण करना एक दशक पहले ही बंद कर दिया था.ताइवान की गोल्ड अपोलो कंपनी के फाउंडर और प्रेसीडेंट से गुरुवार को पेजर ब्लास्ट को लेकर पूछताछ हुई. कंपनी के प्रेसीडेंट शू चिंग क्वांग का कहना है कि जिन पेजर्स में धमाके हुए उनका निर्माण उनकी कंपनी ने नहीं बल्कि हंगरी के बुडापेस्ट की कंपनी बीएसई ने किया है, जिसके पास गोल्ड अपोलो के नाम का इस्तेमाल करने का लाइसेंस है. शू के अलावा अपोलो सिस्टम लिमिटेड नामक कंपनी की एक कर्मचारी टेरेसा वु भी जांच में शामिल हुईं. जिनके बारे में कुछ दिनों पहले गोल्ड अपोलो कंपनी के फाउंडर ने बताया था कि कंपनी की ओर से डील में टेरेसा ही उनके संपर्क में थी. ताइवान सरकार लेबनान में हुए पेजर धमाकों की जांच कर रही है, क्योंकि यह अब तक साफ नहीं हो पाया है कि आखिर लेबनान में जो पेजर पहुंचे उनमें विस्फोटक कब, कहां, कैसे और किसने लगाए. न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक उन्होंने जब ताइवान सरकार के जांच अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं दिया गया. वहीं ताइवान सरकार ने अब तक अपनी जांच को लेकर भी कोई बयान जारी नहीं किया है। इस मामले में ताइवान जैसा ही हाल जापान का है. लेबनान में जिन वॉकी-टॉकी में धमाके हुए उनमें जापानी कंपनी आइकॉम का नाम प्रिंट था. ये वॉकी-टॉकी क्ळ-श्82 मॉडल के थे, लेकिन यहां भी गौर करने वाली बात ये हैं कि जापान की कंपनी आइकॉम ने कहा है कि उसने इनका निर्माण करीब एक दशक पहले ही बंद कर दिया था. कंपनी का कहना है कि वह इस मामले की जांच कर रही है.आइकॉम के मुताबिक उसने इन नकली निमार्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की थी और साल 2020 से ही वह नकली मॉडल के ट्रांसीवर्स के बारे में चेतावनी दे रहा था. आइकॉम के मुताबिक इसके कई इलेक्ट्रॉनिक गियर पब्लिक सेफ्टी ऑगेनाइजेशन और सयुंक्त राज्य डिफेंस और मरीन कॉर्प विभाग को सप्लाई किए हैं।

आपको बता दें कि मंगलवार को लेबनान व सीरिया में एक साथ हुए पेजर धमाकों ने लेबनान सीरिया को ही नहीं, पूरी दुनिया को चौंका दिया है। यह नई तकनीक का युद्ध है जो पहली बार प्रयोग किया गया है। दरअसल, तकनीकी तौर पर बेहद उन्नत इसराइली फौज व दुनिया में तहलका मचाने वाली खुफिया एजेंसी मोसाद मोबाइल के जरिये अपने कट्टर दुश्मनों को निशाना बनाते रहे हैं। इसी वजह से ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के लड़ाके अपनी स्थिति गोपनीय रखने के मकसद से पेजरों का इस्तेमाल सूचना संकेतों के लिये करते रहे हैं। बहरहाल पेजर धमाकों की श्रृंखला में लेबनान में अब तक 37लोगों के मरने व करीब पांच हजार लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है।

लेकिन वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। वहीं सीरिया में पेजर धमाकों की श्रृंखला देखी गई। बहरहाल, हालिया घटनाक्रम इस्राइल-हिजबुल्लाह संघर्ष के चिंताजनक स्थिति में पहुंचने का संकेत देता है। युद्ध में इस तरह की रणनीति का पहली बार दुनिया के सामने खुलासा हुआ है, जिसमें अपने विरोधी देश के संचार उपकरणों को निशाना बनाकर हमला किया गया हो। जो इस क्षेत्र में लंबे समय से जारी संघर्ष में बिल्कुल नई रणनीति को ही दशार्ता है। वहीं हिजबुल्लाह की सुरक्षा चक्र की कमजोरियों को भी उजागर करता है। निस्संदेह, हिजबुल्लाह ईरान समर्थित लेबनान की एक प्रमुख ताकत है, जो उन्नत इसराइली ट्रैकिंग सिस्टम से बचने के लिये अपेक्षाकृत कम उन्नत तकनीक वाले उपकरण पेजर पर निर्भर रहा है। यही वजह है कि हिजबुल्लाह लड़ाकों, चिकित्सकों तथा नागरिकों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले पेजर बेरूत के दक्षिणी उपनगरों व बेका घाटी सहित लेबनान के कई शहरों में एक एक करके फट गए। अस्पताल की तरफ भागती सैकड़ों एंबुलेंसों से पूरे लेबनान में भय व असुरक्षा का माहौल बन गया। यहां तक कि सीरिया के कुछ हिस्सों में भी धमाकों की गूंज सुनायी दी, वहां भी हिजबुल्लाह के लड़ाके इससे प्रभावित हुए। बहरहाल, लेबनान व सीरिया में सीरीयल पेजर धमाकों से पूरी दुनिया को कई सबक देती है कि संकटकाल में अपने संचार नेटवर्क को बाहरी हस्तक्षेप से बचाने के लिये बहुत कुछ किया जाना जरूरी है। विज्ञान व तकनीकी उन्नति ने आज के युद्धों का पूरा स्वरूप ही बदल दिया है। परंपरागत सेना व सुरक्षा की सारी अभेद्य दीवारें तकनीक के हमलों के आगे बेकार साबित हो रही हैं। बहरहाल, इन हमलों के लिये, इस्राइली खुफिया एजेंसी पर साजिश करने के आरोप लग रहे हैं। हालांकि, इसराइल ने इन धमाकों को लेकर कोई दावा नहीं किया है, लेकिन रिपोर्टें बता रही हैं कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान पेजर से छेड़छाड़ करके उन्हें धमाकों के मकसद से ज्वलनशील बनाया गया है। जो एक बड़े सुनियोजित ऑपरेशन की ओर संकेत करता है। जिसमें दूर से सुनियोजित तरीके से विस्फोटों को अंजाम दिया गया। इसराइल ने इन धमाकों के जरिये हिजबुल्लाह को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि भले ही वह गाजा संघर्ष में उलझा हुआ है, इसके बावजूद वह दूसरे मोर्चे पर हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे को भी निशाना बनाने की क्षमता रखता है। इसराइल इस समय न केवल हमास बल्कि हिजबुल्लाह व हूती विद्रोहियों के हमलों का एकसाथ जवाब दे रहा है। लेबनान में मंगलवार और बुधवार को हुए पेजर और वॉकी टॉकी धमाकों में हैरान करने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं. जहां एक ओर ताइवान की गोल्ड अपोलो ने पेजर्स निर्माण के लिए हंगरी की एक कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है तो वहीं जापान की टेलीकम्युनिकेशन निमार्ता कंपनी आइकॉम का कहना है कि उसने एक दशक पहले ही उन वॉकी-टॉकी का निर्माण बंद कर दिया था जिनमें ब्लास्ट हुए हैं। लेबनान ने अपने दुश्मनों को ऐसा शिकस्त दी है कि उन्होंने हिजबुलला के संचार सिस्टम को तबाह कर दिया है। इधर इजराइल की केबिनेट ने हिजबुलला के खिलाफ आल आउट वार की मंजूरी दे दी है। दुनिया तीसरे वर्ल्ड वार के मुहाने पर पहुंच रही है।

समसामयिक

प्रियंका सौरभ

# डिजिटल दुनिया में क्या देख रहे हैं आपके बच्चे ?



आज के डिजिटल परिदृश्य में, बच्चे तकनीक में डूबे हुए बड़े हो रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर टैबलेट, लैपटॉप और गेमिंग कंसोल तक, इंटरनेट उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। जबकि ऑनलाइन दुनिया अंतहीन शैक्षिक और मनोरंजन के अवसर प्रदान करती है, यह बच्चों को विभिन्न जोखिमों के लिए भी उजागर करती है। डिजिटल क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा सर्वोपरि है। डिजिटल युग में, बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना तथा सूचना तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करना एक महत्त्वपूर्ण चुनौती है। इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि के साथ, बच्चों को सीखने के अवसर और साइबरबुलिंग, शोषण और आपत्तिजनक सामग्री जैसे जोखिम दोनों का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन सुरक्षा को संतुलित करने के लिए कानूनी ढाँचे, माता-पिता के मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी समाधानों को सम्मिलित करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। कई माता-पिता और बच्चों में पर्याप्त डिजिटल साक्षरता का अभाव है, जिससे सुरक्षित रूप से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करना और संभावित जोखिमों को समझना मुश्किल हो जाता है।

भारत में, केवल 40% व्यक्ति बुनियादी डिजिटल कार्य करने में सक्षम हैं, जिससे बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के प्रयास जटिल हो जाते हैं। बच्चे अक्सर परिवार के सदस्यों के साथ डिवाइस का साझा उपयोग करते हैं, जिससे उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी और उन्हें विनियमन करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई ग्रामीण घरों में, साझा फोन के उपयोग से बच्चों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग की गई गतिविधियों को ट्रैक करना असंभव हो जाता है, जिससे उन्हें साइबरबुलिंग जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ता है। कई प्लेटफार्मों पर मजबूत फि ल्टरिंग तंत्र की कमी के कारण बच्चे अक्सर ऑनलाइन अनुचित सामग्री के संपर्क में आते हैं। यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों द्वारा एडल्ट कंटेंट तक पहुँचने की रिपोर्ट ने मजबूत सुरक्षा जरूरतों की आवश्यकता पर बल दिया है। साइबरबुलिंग और ऑनलाइन शोषण में वृद्धि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण जोखिम उत्पन्न करती है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 3 में से 1 बच्चे ने साइबरबुलिंग का सामना किया है, जिसके उनके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम देखे गए हैं। सरकारों को माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए डिजिटल साक्षरता में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से नेविगेट करने में मदद मिल सके। भारत की डिजिटल इंडिया पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता को कवर करने के लिए अपने दायरे का विस्तार कर सकती है। तकनीकी प्लेटफॉर्म को मजबूत अभिभावकीय नियंत्रण की सुविधाएँ विकसित करनी चाहिए जो गोपनीयता का उल्लंघन किए बिना बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों की बेहतर निगरानी की अनुमति प्रदान करने हैं। कुछ प्लेटफामों पर बच्चों को प्रतिबंधित करने से वे वैकल्पिक उपाय ढूंढने लगेंगे, जिससे प्रतिबंध अप्रभावी हो जाएगा। पहचान से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता वाले आयु सत्यापन सिस्टम गोपनीयता से संबंधित मुद्दे उठाते हैं और अक्सर आवश्यकता से अधिक डेटा एकत्र करते हैं। भारत में, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आयु सत्यापन के लिए आधार के उपयोग ने डेटा के दुरुपयोग के संबंध में चिंताएँ बढ़ा दी हैं। जटिल या कठोर ऑनलाइन नियम अनजाने में हाशिए पर स्थित समुदायों के बच्चों को पहचान से संबंधित दस्तावेजों या डिजिटल संसाधनों तक सीमित पहुँच से वंचित कर सकते हैं। ग्रामीण भारत में, उचित पहचान के बिना बच्चों को सख्त नियमों के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है ।

टेक प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक सख्त नियम लागू करने से नवाचार बाधित हो सकता है और वैश्विक फर्मों के लिए संचालन जटिल हो सकता है। गूगल और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने अपने व्यापार मॉडल को प्रभावित करने वाले जटिल कानूनी ढाँचों पर चिंता व्यक्त की है। पहुँच को प्रतिबंधित करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने से डिजिटल युग में बच्चों के शैक्षिक अवसरों और कौशल विकास में बाधा आ सकती है।अध्ययनों से पता चलता है कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुँच उनके कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

यू ट्यूब किड्स जैसे प्लेटफॉर्म स्क्रीन टाइम को मैनेज करने और कंटेंट को प्रतिबंधित करने के लिए कस्टमाइज करने योग्य पैरेंटल कंट्रोल सेटिंग्स प्रदान करते हैं। यूके के आयु-उपयुक्त डिजाइन कोड जैसे कानूनों को अपनाने से यह सुनिश्चित होगा कि तकनीकी प्लेटफॉर्म बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ बच्चों के अनुकूल डिजिटल वातावरण को विकसित करें। भारत में भी इसी प्रकार के दिशा-निर्देश लागू किये जा सकते हैं, जिसके तहत तकनीकी प्लेटफॉर्म को अलग-अलग आयु समूहों के लिए सुविधाओं को संशोधित करने की आवश्यकता होगी। स्कूलों को बच्चों को डिजिटल स्पेस में स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके सिखाने के लिए पाठ्यक्रम में ऑनलाइन सुरक्षा शिक्षा को शामिल करना चाहिए। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्कूली पाठ्यक्रम में ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल जिम्मेदारी के प्रावधान शामिल किए जा सकते हैं। सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज को बच्चों के लिए सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, साथ ही सूचना तक उनकी पहुँच का अधिकार सुनिश्चित करना चाहिए । भारतीय शिक्षा मंत्रालय और तकनीकी प्लेटफॉर्म के बीच सहयोग से व्यापक बाल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जा सकते हैं।

डिजिटल युग में, ऑनलाइन सुरक्षा और बच्चों के सूचना तक पहुँच के अधिकार के बीच संतुलन बनाना एक जटिल चुनौती बनी हुई है। सहयोगात्मक प्रयासों, डिजिटल साक्षरता में सुधार और आयु-उपयुक्त मजबूत विनियमों को लागू कर , बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बेहतर तरीके से सुरक्षित किया जा सकता है। एक समग्र दृष्टिकोण जिसमें माता-पिता, शिक्षकों, सरकारों और तकनीकी प्लेटफार्मों शामिल हो से वैश्विक स्तर पर बच्चों के लिए अधिक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल स्थान तैयार होंगे। बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा आधुनिक पेरेंटिंग का एक अनिवार्य हिस्सा है। इन तकनीकों को लागू करके, उपयुक्त सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके, और फाइबर ऑप्टिक इंटरनेट के लाभों का लाभ उठाकर, माता-पिता एक सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बना सकते हैं जहाँ उनके बच्चे डिजिटल दुनिया से जुड़े जोखिमों को कम करते हुए खोज, सीख और मौज-मस्ती कर सकते हैं। आपके बच्चे की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खुला संचार और निरंतर शिक्षा आवश्यक है। याद रखें कि सक्रिय कदमों के साथ, आप अपने बच्चों को डिजिटल परिदृश्य को जिम्मेदारी और आत्मविश्वास से नेविगेट करने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

## एक नजर

### कलेक्टर के नाम पर फर्जी व्हाट्सएप एकाउंट से ठगी का प्रयास, जनता से सतर्क रहने की अपील

**सुकमा, 24 सितंबर।** जिले में एक नया साइबर अपराध सामने आया है, जहां अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सुकमा कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के नाम पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों से पैसे की मांग की जा रही है। यह धोखाधड़ी मुख्य रूप से व्हाट्सएप के माध्यम से की जा रही है, जिसमें अपराधी कलेक्टर के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने जिले की आम जनता से अपील की है कि वे इस प्रकार की धोखाधड़ी से सतर्क रहें और किसी भी अनजान नंबर 70114-93190 से आए संदेशों पर भरोसा न करें। सुकमा कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने भी स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता या धनराशि के लिए इस तरह के संदेश कभी नहीं भेजे जाते हैं। अगर किसी को इस प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों का सामना होता है, तो वे तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर सेल को सूचित करें। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने यह भी कहा है कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक चैतराम अटामी ने फोटो प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**दंतेवाड़ा, 23 सितंबर ।** आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जनसंपर्क विभाग द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। ज्ञात हो कि उक्त फोटो प्रदर्शनी ''विकसित भारत, मोदी जी की संकल्पना'' थीम पर लगाई गई है । फोटो प्रदर्शनी मे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई गई। फोटो प्रदर्शनी में ''बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मोदी 3.0, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, 24 घण्टे भी कम है बंदे में इतना दम है, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जल क्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत'' सहित विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी गयी है। फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी के द्वारा रिबन काटकर फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करके किया गया। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, उप संचालक श्री रंजीत पुजारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी- कर्मचारी, स्कूली बच्चे, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### संयुक्त सचिव ने ज्ञानगुड़ी,ग्रंथालय व जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**जगदलपुर 23 सितंबर।** भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं आकांक्षी जिला प्रभारी डॉ. शोभित जैन ने आज शुक्रवार को जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की बेहतर तैयारी हेतु संचालित ज्ञानगुड़ी का अवलोकन कर युवाओं से चर्चा की। उन्होंने यहां पर विषय विशेषज्ञों से युवाओं को कोचिंग देने की व्यवस्था के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। संयुक्त सचिव डॉ.जैन ने जगदलपुर शहर के मध्य स्थित लाला जगदलपुरी केन्द्रीय ग्रंथालय का भी अवलोकन कर युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उत्कृष्ट पुस्तकों की उपलब्धता तथा ऑनलाइन अध्ययन की व्यवस्था को देखा और इसे बस्तर के भावी पीढ़ी की कैरियर निर्माण हेतु सार्थक प्रयास निरूपित किया। भारत सरकार के संयुक्त सचिव डॉ. शोभित जैन ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धरमपुरा तथा महारानी जिला अस्पताल का जायजा लेकर बस्तर के लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने महारानी अस्पताल में बाह्य रोगी कक्ष में आभा एप के माध्यम से मरीजों के ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था और मरीजों के उपचार सम्बन्धी अनुसरण यथा रिकॉर्ड पर्ची का संधारण के बारे में पूछ तथा इसे मरीजों की सुविधा हेतु सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने महारानी अस्पताल में आपातकालीन कक्ष, आयुष्मान कार्ड कक्ष, माइनर ऑपरेशन कक्ष, सर्जिकल आईसीयू और रहन चिकित्सा इकाई आदि का अवलोकन कर कहा कि यह बस्तर अंचल के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास है। उन्होंने महारानी अस्पताल के अन्नपूर्णा रसोई घर की व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे अन्य अस्पतालों में भी शुरू किए जाने पर बल दिया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ.संजय प्रसाद, डीपीएम समग्र शिक्षा अखिलेश मिश्रा और महारानी अस्पताल के चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### गिरोला के सभी घरों में नियमित पानी की आपूर्ति से हर्षित हैं ग्रामीण

**जगदलपुर 23 सितंबर।** शासन की हर घर को पेयजल मुहैया करवाने हेतु संचालित जल जीवन मिशन के तहत बस्तर जिले के बकावंड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गिरोला में सभी 84 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के द्वारा हर घर जल सुलभ हो रहा है। जिससे अब ग्रामीण काफी उत्साहित हैं। विशेषकर घर-परिवार की जिम्मेदारी संभालने वाली महिलाएं सर्वाधिक खुश हैं,जिन्हें अब घर में ही पानी उपलब्ध हो रहा है। इस बारे में ग्राम पंचायत के सरपंच सतेन्द्र गागड़ा कहते हैं कि हमारे गांव के लोग हैंडपंप से पानी भरकर लाते थे,पहले पानी की बहुत किल्लत थी। अब सरकार की जल जीवन मिशन द्वारा हेक घर को नल कनेक्शन देने के साथ ही टंकी के माध्यम से पानी आपूर्ति की जा रही है। जिससे ग्रामीणों का समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है, सरकार की यह पहल सराहनीय है। उच्च प्राथमिक शाला के हेडमास्टर हरिबन्धु बघेल बताते हैं कि जल हरेक प्राणी के लिए जरूरी है, और मानव के लिए तो यह नितांत आवश्यक है। जल जीवन मिशन से दोनों स्कूलों में नल कनेक्शन के द्वारा पानी की आपूर्ति से शौचालय को साफ-सुथरा रखने में मदद मिल रही है। वहीं मध्यान्ह भोजन बनाने तथा बच्चों को भी मध्यान्ह भोजन उपलब्ध करवाने में काफी सहूलियत हो रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को हर घर जल मिलने से काफी सुविधा हुई है इसे मद्देनजर रखते हुए ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा दोनों स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के उपाय और सफाई के महत्व को समझाया गया।

# जैविक खेती से जमीन की उर्वरता बढ़ी और उत्पादन भी बढ़ा

## आवारा गौवंश का सहारा बने किसान रमनलाल साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 23 सितंबर।** जैविक खेती को बढ़ावा देने वाले धमतरी जिले के ग्राम गाड़ाडीह के किसान श्री रमन लाल साहू का सम्मान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विगत दिनों किया था। श्री साहू जैविक खेती कर मिट्टी की उर्वरकता बढ़ाने में महती भूमिका निभा रहे है,वही फसल चक्रण करके जल संरक्षण का काम भी कर रहे है।

आज के आधुनिक दौर में खेती किसानी के काम को उतना महत्व नहीं दिया जाता है, जितना की सरकारी या किसी अन्य नौकरी को दिया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी ने लोगों को खेती किसानी की ओर मुड़ने के लिए



प्रोत्साहित किया है। प्रगतिशील किसान श्री रमनलाल साहू ने परम्परागत खेती को पीछे छोड़ आधुनिक खेती को अपनाया है। जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए मृदा, जल एवं पर्यवरण संरक्षण की दिशा में भी सराहनीय काम किया है। श्री साहू बताते हैं कि विगत 8 सालों से वह 3 एकड़ से अधिक जमीन पर धान की जैविक खेती कर रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में रबी फसल में दलहन-तिलहन की खेती कर रहे हैं। इससे जमीन की उर्वरकता बढ़ने के साथ ही फसल का उत्पादन भी बढ़ा है।

साहू बताते है कि किसान होने के साथ-साथ वह पशु मित्र भी है, उन्होंने गली-मोहल्लों में आवारा घूमने वाले गौवंश के लिए अपने खेत के समीप लगभग 25 डिस्मिल क्षेत्र में गौठान तैयार कर उनका संरक्षण कर रहे है। इन गौवंशो से प्राप्त होने वाले गोबर का उपयोग जैविक खेती करने में कर रहे हैं। वहीं दूध बेचकर हर माह 9 हजार रूपये की शुद्ध आमदनी भी प्राप्त कर रहे हैं। श्री साहू ने यह भी बताया कि उन्होंने खेत में छोटा सा तालाब बनाया है, जिससे गौवंश के लिए पानी की व्यवस्था की है, वहीं क्रेडा की ओर से सोलर पैनल भी लगवाया है। इसके साथ ही गोबर गैस संयंत्र लगाकर गौवंश के लिए चारा की व्यवस्था करते हैं।

रमनलाल साहू रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के बारे में अन्य किसानों को अवगत कराते हुए जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। साथ ही अपने गौशाला से उत्पादित गोबर, गौ मूत्र को अपने खेतों में उपयोग करते हुए जहरमुक्त अन्न की पैदावार कर उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की व्यवस्था कर रहे हैं।

# 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में अखिलेश और मनेश्वरी रहे प्रथम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 23 सितंबर।** शहर के शासकीय नरहरदेव इंग्लिश मीडियम स्कूल मैदान में 21 सितंबर को 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 90 बालिका व 40 बालक प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम अखिलेश कुंजाम वहीं द्वितीय रोशन कोर्राम रहे । वहीं महिला वर्ग में प्रथम मनेश्वरी शेवता व द्वितीय कविता कोला रही । विजेता व उपविजेता को आयोजनकर्ताओं की ओर से नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला कांकेर के संगठन सचिव टी के जैन ने चर्चा में बताया कि नरहरदेव स्कूल मैदान में प्रतिदिन पूर्व सैनिकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। श्री जैन ने शारीरिक प्रशिक्षण का निःशुल्क लाभ उठाने अपील की है। आज के इस दौड़ स्पर्धा में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला कांकेर के संगठन सचिव टीके जैन, सोमेश यादव ,सयोग साहू अरविंद यादव विमल सिंह कवर डॉक्टर तोरण, मिलाप दसपुर सहित स्वामी आत्मानंद स्कूल के लगभग 100 छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



### जिला उपभोक्ता आयोग ने पांच लाख की क्षतिपूर्ति व 10 हजार के जुर्माने का सुनाया आदेश

**जगदलपुर 23 सितंबर।** स्वास्थ्य बीमा की क्षतिपूर्ति राशि का प्रस्ताव बीमारी छिपाने का दावा कर खारिज करने वाले एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने जिला उपभोक्ता आयोग में अपनी बात साबित नहीं कर सकी। आयोग ने इस प्रकरण में बीमा कंपनी को आवेदक को पांच लाख रुपये की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपये जुर्माना भरने का निर्णय सुनाया है। आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने आदेश जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदलपुर निवासी रमन कुमर की पत्नी ने अपनी शासकीय सेवा के दौरान ऋण प्राप्त कर ऋण की सुरक्षा हेतु एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से बीमा करवाया था। आवेदक की पत्नी का आकस्मिक निधन होने के कारण रमन कुमर द्वारा बीमा कंपनी को सूचना देकर बीमा राशि हेतु आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन दिया गया था। बीमा कंपनी ने यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर दिया कि बीमा लेते समय परिवार द्वारा महिला की पूर्व की बीमारी को छिपाया गया। इसके बाद आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी, याचिका पर जिला उपभोक्ता आयोग में सुनवाई में आयोग ने माना है कि वर्तमान जीवन शैली में मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारी के संबंध में जानकारी का खुलासा न करना क्षतिपूर्ति के दावे से वंचित नहीं कर सकता है।

# परिवहन ठप होने से नगरनार स्टील प्लांट को करोड़ों का नुकसान

**जगदलपुर 23 सितंबर।** परिवहन विवाद पर बस्तर परिवहन संघ और जय झाड़ेश्वर परिवहन सहकारी समिति ने मिलकर नगरनार स्टील प्लांट के गेट नंबर 1, 2 को बंद कर दिया है. पूरे दिन प्लांट से माल का परिवहन ठप रहने से एनएमडीसी को करोड़ों रुपए का नुकसान झेलना पड़ रहा है। बस्तर परिवहन संघ और जय झाड़ेश्वर परिवहन सहकारी समिति के विरोध प्रदर्शन का मुख्य कारण परिवहन कार्य में स्थानीय लोगों की उपेक्षा और परिवहन भाड़े में लगातार गिरावट बताया गया है, वहीं नगरनार स्टील प्लांट के प्रवक्ता रफीक अहमद ने इस विरोध को अवैध और प्लांट की सुरक्षा के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि गेट नंबर 1, 2 का बंद होना आवश्यक कच्चे माल की आपूर्ति में बाधा आई है, इसके साथ सुरक्षा संबंधी गंभीर जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। इसके साथ ही प्लांट महाप्रबंधक ने घटनाक्रम की जानकारी जिला प्रशासन और पुलिस को दे दी है, इसके साथ ही किसी अप्रिय घटना के लिए प्रदर्शनकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होने कहा कि उनकी मांगे एनएसएल के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं और इसलिए एनएसएल उन मांगों को पूरा करने की स्थिति में नहीं है। यह बात आंदोलनकारियों को बता दी गई है। यही बात जिला प्रशासन और उनके नेताओं के माध्यम से भी उन्हें बताई गई है, इसके बावजूद विरोध प्रदर्शन किय जा रहा है। दरअसल प्रदर्शन कारियों ने एनएमडीसी प्रबंधन से अपनी मांग रखते हुए, 20 सितंबर को सुबह से बस्तर परिवहन संघ और जय झाडेश्वर समिति के सदस्य संयंत्र में माल परिवहन का काम बस्तर के ही परिवहन व्यवसायियों को देने और प्लांट में स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी देने की मांग को लेकर डटे हुए हैं।



ये लोग प्लांट के गेट नंबर 1और 2 को जाम किए बैठे हैं। इससे पहले भी जय झाड़ेश्वर समिति और परिवहन संघ के पदाधिकारी सदस्य कई बार प्लांट से कुछ दूर पंडाल लगाकर कई कई दिनों तक प्रदर्शन कर चुके हैं। तब एक भी बार प्रबंधन की ओर से कोई पूछने तक नहीं पहुंचा। वहीं आज जब इन लोगों ने कड़े तेवर दिखाते हुए प्लांट का माल परिवहन ठप कर दिया, तो प्रबंधन सामने आया है, और एनएमडीसी के पीआरओ ने कहा है कि वाहनों पर लगाया गया यह प्रतिबंध न केवल गलत है, बल्कि अवैध भी है। इससे सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, क्योंकि एकीकृत स्टील प्लांट एक अत्यधिक खतरनाक कारखाना होता है। गेट नंबर 1 यानि मटेरियल गेट वह गेट है, जिसके माध्यम से आवश्यक कच्चा माल स्टील प्लांट में आता है और गेट 2 तैयार माल बाहर भेजा जाता है। इस गेट को बंद करने से कई नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। एकीकृत स्टील प्लांट में महत्वपूर्ण कच्चे माल की समय पर डिलीवरी न होना भी सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक हो सकता है।

### थाने से जमानत पर रिहा 10 आरोपी जेल दाखिल

**कांकेर 23 सितंबर।** ऑनलाईन जुआ के मामले में खाता उपलब्ध कराने वाले 10 आरोपियों को थाना से जमानत पर रिहा कर दिया गया था, लेकिन न्यायालय पखांजूर के द्वारा थाना से जमानत पर रिहा 10 आरोपियों में शिवम विश्वास पिता प्रदीप विश्वास, धनंजय सरकार पिता सरल सरकार, असीत विश्वास पिता निरपेन्द्र विश्वास, रोहित वैद्य पिता सुष्मय वैदय, आकाश दास पिता सुकुमार दास, प्रकाश मण्डल पिता जोगेन्द्र मण्डल, प्रणव बोस पिता मिन्दु रंजन बोस, सूरज मण्डल पिता चित्त मंडल, अमित भवाल पिता स्व0 अशोक भवाल व गणेश सरदार पिता विकास सरदार का जेल वांरट जारी किये जाने से आरोपियो को जिला जेल कांकेर दाखिला हेतु भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ऑनलाईन जुआ के लिए खाता उपलब्ध कराने वाले परलकोट क्षेत्र के 10 आरोपीयो को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पूर्व में पखांजूर पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर अपराध जमानतीय होने से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया था।

# नक्सली आत्मसमर्पण नीति के विरोध में लगा रहे हैं बैनर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 23 सितंबर।** जिले के बांदे थाना क्षेत्र अंर्तगत पी. वी. 91 के चितरंजन नगर गांव में सड़क किनारे बीती रात में नक्सलियों के परतापुर एरिया कमेटी ने बैनर लगाकर नक्सलियों ने सरकार की आत्मसमर्पण नीतियों का विरोध करते हुए साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ने की बात लिखी है। इ्र नक्सलियों के परतापुर एरिया कमेटी द्वारा लगाये गये बैनर की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर बैनर को जब्त कर लिया है। वहीं दूसरी ओर नारायणपुर.जिला मुख्यालय से ओरछा जाने वाले मुख्य मार्ग पर टेडोंगर थाने से 1 किलोमीटर की दूरी



पर नक्सलियों ने बैनर लगाए हैं, इसमें 20 अक्टूबर तक नक्सली स्थापना दिवस मनाने की अपील की गई है। इसके साथ ही बैनर में आपरेशन कगार का विरोध करने की भी बात कही गई है। इस घटना के बाद से स्थानीय पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है, पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा बलों का दावा है कि नक्सलियों के द्वारा इस तरह की हरकतों से क्षेत्र में डर का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है वहीं पुलिस की सतर्कता और सघन सर्चिंग अभियान लगातार जारी है।

## समस्त विभागों की समीक्षा बैठक

# नामांतरण,खाता विभाजन,सीमांकन,बंटाकंन,त्रुटि सुधार में तेजी लाएं:संभागायुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 23 सितम्बर।** आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में बस्तर संभाग आयुक्त श्री डोमन सिंह द्वारा 20 विभागों की समीक्षा बैठक ली गई। इन विभागों में राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, कृषि, आदिवासी विकास, शिक्षा, पीएमजीएसवाय जैसे अन्य महत्वपूर्ण विभाग शामिल थे। बैठक में संभाग आयुक्त ने राजस्व संबंधी प्रकरण जैसे विवादित एवं अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन,सीमांकन, बंटाकन,त्रुटि सुधार एवं व्यपवर्तन जैसे प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित गति लाएं। इसके साथ ही उन्होंने जिला पंचायत विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त छूटे हुए परिवारों को 31 दिसंबर 2024



तक स्व-सहायता समूह में शामिल किया जावे। इस प्रकार नियद नेल्लनार क्षेत्र अंतर्गत छूटे हुये परिवार, नक्सल प्रभावित परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सल परिवारों को प्राथमिकता से स्व-सहायता समूह में शामिल करें। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान पंजीयन, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु कैंप लगा कर कार्यवाही करने,आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए परिवारों का कार्ड बना बनाया जाने, राशन कार्ड डाटा के आधार पर डुप्लीकेट डाटा को हटा कर लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही करने तथा ऐसे क्षेत्र जहाँ नेटवर्क की उपलब्धता नहीं है, वहां लाभार्थियों को मोबिलाइज कर कार्ड बनाया जाने को भी कहा। श्री सिंह ने शिक्षा विभाग के तहत पीएमश्री विद्यालयों के संबंध में निर्देषित करते हुए कहा कि पीएमश्री विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य आस-पास के अन्य विद्यालयों को मेंटरशिप प्रदान करना,नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को क्रियान्वयन कर प्रदर्शित करने, 21वीं सदी के प्रमुख कौशल से लैस व्यक्तियों का निर्माण,गुणात्मक शिक्षण,सीखना और संज्ञानात्मक विकास तथा एक आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करना है अत इस संबंध में विभाग प्रमुख नियमित रूप से संचालित गतिविधियों का निरीक्षण करें। इसके साथ ही आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत छात्रावासों एवं आश्रमों की अद्यतन स्थिति, महिला एवं बाल विकास के तहत महतारी वंदन योजना,पोषण पुनर्वास केन्द्र, कृषि विभाग अन्तर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वाइल हेल्थ कार्ड,मत्स्य पालन विभाग की मत्स्य संपदा योजना के प्रगति, पशुधन विभाग के तहत टीकाकरण एवं एफ.एम.डी रोग नियंत्रण, खाद्य विभाग की राशन कार्ड नवीनीकरण अभियान के प्रगति, समाज कल्याण विभाग के तहत वृद्धा पेंशन योजना की भी गहन समीक्षा संभाग आयुक्त द्वारा ली गई। समीक्षा बैठक के पूर्व कलेक्ट्रोरेट परिसर में संभागायुक्त,कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया।

## समाचार संक्षेप

### ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के बयान पर राहुल गांधी का पुतला जलाया



**सुकमा 23 सितंबर।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंकने के बाद कहा कि विदेशी धरती पर राहुल गांधी भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका में ओबीसी आरक्षण खत्म करने को लेकर जो बयान दिया है, वह शर्मनाक है। भाजपा ने कहा कि ये उनका पारिवारिक काम है, इनके पूर्वजों ने भी ओबीसी आरक्षण का विरोध किया था। विपक्ष के नेता देश में कुछ कहते है और विदेश में कुछ और बयान देना उनकी दोगली फितर आमजन के सामने आ गई है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष रमाकांत नायक ने कहा सांसद राहुल गांधी दोगली नीति अपना रहे हैं, जो देश हित में नहीं हैं। अमेरिका में राहुल गांधी के द्वारा दिए गये बयान की मोर्चा निंदा करता है। इस दौरान अरुण सिंह भदौरिया, विश्वराज चौहान, कोरसा सन्नू, संजय शुक्ला, नूपुर वैदिक, भुवनेश्वरी यादव, धर्मेंद्र भदौरिया, महेन्द्र सिंह भदौरिया, संजय सोढ़ी, रमेश यादव, डमरु राम नाग, खेमलाल सिंहा, सत्यनारायण बाबू, चन्द्रिका गुप्ता, राजकुमार कश्यप, राजेंद्र कुलदीप, परदेशी नाग, डी राजेश चौधरी, जोगा राम बारसे, प्रवीण बारसे, अनिल मंडावी मनोज मंडल, मुकेश जैन, मुक्का नाग, आलम आश्मी, रमेश कर्मा, शिवेश कर्मा संजू दास, देव कश्यप, रवि यादव, पंकज बघेल, रामनाथ यादव, विरुद्ध यादव, विकास नाग, सतीश यादव, हेम कुमार साहू, लोकेश नाग, सिकलाल यादव, मुकुल यादव मौजूद थे।

### मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण एवं समग्र विकास के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित



**जगदलपुर 23 सितंबर।** जिले के आश्रम-छात्रावासों में रहने वाले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए मनो बस्तर परियोजना का संचालन आदिवासी विकास विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है। इस हेतु आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों के लिए 03 दिवसीय आत्महत्या रोकथाम प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन बस्तर एकेडमी ऑफ डान्स,आर्ट एण्ड लिटरेचर (बादल) आसना में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में परियोजना हेतु चयनित बस्तर जिले के सभी सात विकासखंड के कोऑडिनेटर्स को भी परियोजना से संबंधित प्रशिक्षण साथी समाज सेवी संस्था द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण मारिवाला हेल्थ इनिशिएटिव और यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित किया गया।

### पीएम जनमन योजना से पीवीटीजी समुदाय के लोगों का पक्के आवास का सपना हो रहा साकार

**कोरबा 23 सितंबर।** प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा-सीधा लाभ इन समुदाय के लोगों को मिल रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की खुद के पक्के मकान के सपने को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत कोरबा जिले के दूरस्थ क्षेत्र पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के गुडरूमुड़ा के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय बिरहोर वर्ग के हितग्राही श्री पूरन सिंह के खुद के पक्के आशियाने का सपना साकार हुआ है। हितग्राही ने आवास पूर्ण होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ने उनकी दशा और दिशा बदल दी है। योजना के तहत वर्ष 2023-24 में उन्हें आवास की मंजूरी मिली। पंचायत स्तर पर दस्तावेजों की पूर्ति होने के साथ ही आवास निर्माण प्रारंभ किया गया। जिसमें पहली किश्त के रूप में 40 हजार रुपये मिलते ही उनकी मकान निर्माण की उम्मीद पक्की होने लगी। उनके द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन के आधार पर आवास निर्माण कार्य शुरू किया गया। मकान निर्माण आगे बढ़ने के साथ ही प्रगति के आधार पर किश्त की राशि मिलती गई और देखते ही देखते उनके सपनों का आशियाना पूरा होकर तैयार हो गया। हितग्राही ने बताया कि आवास निर्माण में कार्य करने पर मनरेगा के तहत उन्हें मजदूरी का भुगतान भी किया गया। हितग्राही अपने पुराने दिनों की कठिनाई याद करते हुए बताते हैं कि वह एक खेतीहर मजदूर हैं। रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आवास निर्माण से उनका परिवार कच्ची झोपड़ीनुमा घर में निवास करते थे। जहां जीवन व्यतीत करना बहुत कठिन था। मौसम के अनुसार अनेक कष्टों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकना, दीवारों में सीलन आना, साथ ही सर्दी के समय रात में ठण्ड के कारण नींद नहीं आती थी। साथ ही साल भर जहरीले कीड़े, सांप, बिच्छू इत्यादि का डर बना रहता था। अब पक्का मकान मिलने से उनकी ये समस्याएं दूर हो गई हैं। अब वे अपने परिवार के साथ पक्के आवास में चैन की नींद सो रहे हैं। पक्की छत वाली घर होने से उनकी समाज में प्रतिष्ठा बढ़ी है। नए आवास में परिवार के साथ हंसी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। हितग्राही श्री पूरन सिंह ने बताया कि शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उनके परिवार को मिल रहा है। जिसके अंतर्गत महतारी वंदन योजना के तहत उनकी पत्नी को प्रतिमाह 01 हजार रूपए की सहायता राशि मिल रही है। इसी प्रकार रोजगार गारंटी योजना मनरेगा में कार्य, तेंदूपत्ता संग्रहण, किसान पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड जैसी अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित हो रहे हैं। जिससे उनके परिवार की आय बढ़ रही है। उन्होंने जिला प्रशासन को अपने आर्थिक एवं सामाजिक वृद्धि हेतु आभार व्यक्त करते हुए विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के आशियाने के सपने को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक नजर



### बेटियां हमारी संस्कृति की विरासत एवं ध्वजवाहक हैं: प्राचार्य पूरन लाल साहू

**राजिम,23 सितंबर।** दुनिया भर में सितंबर माह के चौथे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाया जाता है.इस अवसर पर पूरन लाल साहू व्याख्याता ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस की स्थापना 2007 में की गईं थी.ताकि बेटियों के महत्व को बढ़ाया जा सके. बेटी दिवस का उद्देश्य बेटियों के प्यार, कृतज्ञता और प्रशंसा व्यक्त करना है. उन्होंने आगे कहा की भारतीय समाज में बेटियां ख़ुशी का प्रतीक मानी जाती है.बेटियां परिवार का आधार होती है.वे हमारे जीवन में खुशियाँ भी लाती है.बेटी दिवस का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है. यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि बेटियां भी उतना ही मूल्यवान है और उन्हें समान अवसर और शिक्षा मिलनी चाहिए.बेटी दिवस मनाने से माता पिता बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ा सकते है और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सकते. उन्होंने अपने दोनों बेटियों पर गर्व महसूस करते हुए कहा कि मेरी दोनों बेटी मुस्कान एवं खुशबू सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में दसवीं एवं सातवीं कक्षा में अध्ययनरत है जो पढ़ाई के साथ-साथ साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी रूचि रखती है।

### जंगल में युवक की सड़ी-गली लाश मिली, जांच में जुटी पुलिस

**फिगेंश्वर,23 सितंबर।** फिगेंश्वर मुख्यालय से लगे गनियारी गांव के जंगल में एक युवक की सड़ी-गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई है बताया जा रहा है कि युवक पिछले एक हफ्ते से घर से गायब थे लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह घटना फिंगेश्वर थाना क्षेत्र का है.मिली जानकारी अनुसार, आज सुबह पतोरा गांव के ग्रामीण जंगल में पुटू बीनने गए थे, तभी उन्होंने जंगल में एक सड़ी-गली लाश देखी. जिसकी सूचना फिंगेश्वर पुलिस को दी गई. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस ने बताया कि मृतक हिरामन साहू की पत्नी नम्रता साहू ने करीब 20 दिन पहले थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें पत्नी ने बताया था कि उसका पति नशे की हालत में आए दिन मारपीट करता था. मामले में 31 अगस्त को शिकायत की गई थी. जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी.बताया जा रहा है कि पुलिस की कार्रवाई के डर से हिरामन साहू घर से भाग गया था और बीते सोमवार से घर से लापता था. अब उसकी लाश संदिग्ध अवस्था में जंगल में पाई गई. हिरामन साहू की हत्या है या आत्महत्या, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा. पुलिस इस मामले में जांच कर रही है और स्थानीय लोगों से भी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है।

### पेट्रोल पंपों के टॉयलेट एवं नलों का उचित रख रखाव करने संभागायुक्त ने दिए निर्देश

**रायगढ़, 23 सितम्बर।** कमिश्नर श्री महादेव कावरे ने पेट्रोल पंपों में आम जनता के उपयोग के लिए बने टॉयलेट की नियमित साफ-सफाई और रख-रखाव सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने संभाग के सभी जिला कलेक्टरों को इस आशय का पत्र भी लिखा है। संभागायुक्त ने जारी पत्र में कहा है कि जिलों में भ्रमण और निरीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि पेट्रोल पंपों में जन सुविधा के लिए बनाये गये टायलेट की रख-रखाव, साफ-सफाई व्यवस्था, दरवाजे ठीक से बंद नहीं होने व नल के टोटी टुटे हुए पाये गये हैं। कहीं-कहीं पानी की नियमित आपूर्ति भी बाधित होना पाया गया। इसलिए जिलों में स्थित सभी पेट्रोल पंपों का अधिकारियों से निरीक्षण करा कर पंप मालिकों से इस व्यवस्था को दुरूस्त करने हेतु समुचित निर्देश प्रसारित करेंगे।

### अवैध परिवहन करते 5 हाईवा एवं अवैध भंडारण मामले में 1 जेसीबी जब्त

**महासमुंद 23 सितंबर।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर अवैध उतखनन और परिवाहन पर खनिज सहित राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा शनिवार को औचक जांच के दौरान मुरूम का अवैध परिवहन करते 02 हाइवा वाहन को जप्त किया गया। ग्राम घोड़ारी में रेत का अवैध भंडारण से लोडिंग करते क जेसीबी मशीन को जप्त किया गया। खनिज अधिकारी श्री सनत साहू ने बताया कि शनिवार की मध्य रात्रि में वाहनों की जांच के दौरान ग्राम पिथौरा से रेत का अवैध परिवहन करते हाइवा वाहन तथा ग्राम बल्दाकछार ( बलौदाबाजार) की ओर से रेत लोड कर आते 02 हाइवा को जप्त किया गया। इस प्रकार अवैध परिवहन करते कुल 05 हाईवा एवं अवैध भंडारण में 01 जेसीबी मशीन जप्त किया गया।

# साहू समाज ने पुलिस हिरासत में मौत के मामले की न्यायिक जांच की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,23 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के बॉर्डर में स्थित ग्राम लोहारीडीह थाना रेंगाखार जिला कबीरधाम में विगत दिनों जो आगजनी और प्रशांत साहू की न्यायिक हिरासत में मौत के विषय को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के द्वारा एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया था जिसमें प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू के नेतृत्व में जांच समिति ग्राम लोहारीडीह पहुंचकर वस्तु स्थिति का अवलोकन किया वहां जाने से पता चला कि यह विवाद दो परिवारों के बीच का था ।शिवप्रसाद साहू उर्फ़ कचरू साहू और रघुनाथ साहू के परिवार में आपसी रंजिश थी इस बीच 15 सितंबर को शिवप्रसाद उर्फ कचरू साहू की मृत्यु हुआ गांव से दूर फांसी में लटका हुआ मिला उसकी हत्या करने वाला का अभी तक पता नहीं चला है। लेकिन गांव में अफवाह फैल गया की रघुनाथ साहू के द्वारा उसकी मर्डर किया गया है और इस बीच सुबह 10:00 बजे रघुनाथ साहू के घर में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष घुसकर उनके घर में आग लगा दिया ।और रघुनाथ साहू को घर में बंद कर दिया आग से झुलस जाने के कारण रघुनाथ साहू की मृत्यु हो गई। उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट किया गया इस बीच पुलिस प्रशासन के पहुंचने पर पुलिस के साथ भी झूमा झटकी मारपीट हुआ और बाद में वहां से 70 लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर जेल में डाल दिया गया इस बीच प्रशांत साहू के साथ जो घटना हुआ है पुलिस के हिरासत में पुलिस की मार से उसकी मृत्यु हो गई है । वह बहुत ही भयावह दर्दनाक है और वह निश्चित ही निंदनीय है हमारे जांच समिति इसका निंदा करते है। और सरकार से मांग करते है कि मृतक प्रशांत साहू के परिवार में उनका एक छोटा सा बेटा है उनके परिवार में और कोई नहीं है सरकार उसको शिक्षा के साथ शासकीय नौकरी दे उस परिवार को कम से कम 50 लाख रुपया मुआवजा अनुग्रह राशि दें। ताकि उनके परिवार का पालन पोषण हो सके। साथ ही रघुनाथ साहू का आगजनी में मृत्यु हुई है उसको भी सरकार मुआवजा दे ।और शिव प्रसाद उर्फ कचरू साहू की मृत्यु का निष्पक्ष जांच कर उनके परिवार को भी को भी राहत राशि प्रदान करें। सरकार तीनों परिवार को मुआवजा दे और उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करें ।और इस घटना में मुख्य रूप से आरोपित व्यक्ति को सरकार न्यायिक जांच बैठा कर अपराधी को सामने लाएं और उचित न्याय दिलाए। समाज को संरक्षण दे ।और इस प्रकार भविष्य में घटना ना हो इसकी चिंता करें और जो बहुत सारे निर्दोष लोग एवम खासकर महिलाएं एवं छोटे बच्चे थाना में और जेल में बंद है उनको सरकार तत्काल निशर्त रिहा करें । एवं जिम्मेदार पुलिस की अधिकारी कर्मचारियों को सरकार तत्काल निलंबित कर उनके खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करें ।छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के इस प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू मालक राम साहू महामंत्री हलधर साहू दयाराम साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष थानेश्वर साहू कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु साहू उपाध्यक्ष भीखम साहू प्रमोद साहू महिला प्रकोष्ठ के सहसंयोजक अंजनी साहू युवा प्रकोष्ठ के संयोजक पवन साहू सहसंयोजक दुलीकेशन साहू साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू संरक्षक मनोहर साहू पिथौरा प्रदेश संयुक्त सचिव पंचम साहू जिला साहू संघ बेमेतरा के उपाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह साहू हरीश साहू घनश्याम साहू प्रकाश साहू बेमेतरा जिला साहू संघ मुंगेली के पूर्व अध्यक्ष बलदाऊ साहू अध्यक्ष पुहुप राम साहू एवं युवा प्रकोष्ठ के प्रफुल्ल साहू विक्की साहू कामत साहू सहित ग्राम वासी एवं सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पीएम जनमन योजना से बिरहोर सोनूराम को मिला पक्का मकान



**रायगढ़, 23 सितम्बर।** धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत जमरगा के रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवार के सोनूराम बिरहोर को पीएम आवास निर्माण होने से कच्चे मकान में जिंदगी बसर करने से राहत मिली है। अब वह पक्के घर में रह रहा है। सोनूराम ने बताया कि वह पहले अपने कच्चे मकान में परिवार के साथ रहता था। पक्का आवास की इच्छा तो हमेशा से थी परंतु जितनी घर की आमदनी थी उसमें परिवार का पालन पोषण हो पाता था। जिससे उनका पक्का मकान बनाने का सपना, सपना ही रह गया था। पीएम जनमन योजना का लाभ लेकर पक्का मकान बन जाने से सोनूराम को कई परेशानियों से एक साथ छुटकारा मिल गया है। अब उसे बारिश में छत से पानी टपकने या गीले दीवारों की चिंता दूर हुई। साथ ही सांप बिच्छुओं का भी डर नहीं रहा। अब वह अपने परिवार के साथ पक्के मकान में खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है एवं सुखद जीवन व्यतीत कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ मिलने से जिला प्रशासन सहित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।उल्लेखनीय है कि विशेष पिछड़ी जनजातियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पीएम जनमन का लाभ सुदूर अंचलों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य वाले इलाकों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जिले में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का स्वयं के पक्के मकान निर्माण का सपना साकार हो रहा है और उनके परिवारों के जीवन की दशा एवं दिशा बदल रही है। ज्ञात हो कि रायगढ़ जिला अंतर्गत धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जमरगा जो कि जनपद मुख्यालय से 27 किमी एवं जिला से लगभग 105 किमी दूरी पर स्थित है। यहा पर निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवार सोनू राम पिता सोनसाय बहुत गरीब एवं दीनहीन से थे, इनके पास रहने के लिए झोपड़ी एवं कच्चा मकान था, पक्का का आवास तो जैसे उनके लिए सपना हो। जंगल में माहुल पेड़ से पालतु जानवारों जैसे-गाय, बकरी को बांधने वाली रस्सी बनाकर एवं सूखी लकड़ी बेचकर अपने कमाए पैसों से दैनिक आवश्यकताओं को पूर्ण करते थे। गांव पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण हर साल तेज हवा, पानी के कारण घरों को बहुत नुकसान होता था। जिसके कारण इन परिवारों को हर साल घर की मरम्मत करनी पड़ती है। जिसके कारण इन परिवारों के आय का अधिकांश हिस्सा घर की मरम्मत में ही खर्च हो जाता था। जिससे इन परिवारों के आशियाने की चिंता बनी रहती है। बरसात के दिनों में गंदगी होती थी, जिससे बीमारी फैलती थी। बरसात में पानी टपकता था, सांप-बिच्छु का भी डर बना रहता था। भारत सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के इसी प्रकार समाज से पिछड़े होने के कारण उन्हें विकास की मुख्य धारा में समाज के साथ आगे बढ़ने के लिए लागू किये प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान अंतर्गत प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से सभी पात्र विशेष पिछड़ी जनजाति को आवास दिये जाने से तो उनके चेहरे पर खुशी स्पष्ट दिखने लगी। सोनूराम बिरहोर पहाड़ पर झोपड़ी बनाकर अपना जीवन यापन कर रहा था। जब उन्हें शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत पक्का आवास निर्माण हेतु सहायता राशि प्राप्त होना बताया गया तो वह खुशी से फुले नहीं समाये। लेकिन अभी भी एक समस्या उसने सामने खड़ी हुई थी। जहां वह रह रहा था वहां पक्का घर बनाना संभव नहीं था।

इसलिए ग्राम पंचायत द्वारा उन्हें ग्राम के आबादी जमीन में आवास निर्माण हेतु भूमि प्रदाय किया गया एवं उनके आवास निर्माण के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच एवं कर्मचारियों द्वारा भी पूर्ण सहयोग मिला। जिसके परिणाम स्वरूप आज सोनूराम का पक्का घर बनकर तैयार है।

### री-एजेंट्स और टेस्टिंग किट 287 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में किए गए वितरित:सीएमएचओ

**रायगढ़, 23 सितम्बर।** तत्कालीन सीएमएचओ के फर्जी हस्ताक्षर से हुई खरीदी-एक करोड़ रूपए में खरीदे सामान की अफसरों को खबर ही नहीं के संबंध में खबरें प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने बताया कि एक करोड़ 78 हजार 418 रूपए के रि-एजेंट्स और टेस्टिंग किट अनुमोदन उपरांत खरीदे गए। 287 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को उक्त सामग्री प्रदाय कर दिया गया है। उपरोक्त समस्त सामग्री सीएमएचओ और डीपीएम के अनुमोदन उपरांत क्रय किया गया है। सीएमएचओ डॉ चंद्रवंशी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई द्वारा जिला अस्पताल रायगढ़ के अधीन संस्था जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र (डीईआईसी) के अधिकारी-कर्मचारी एवं साफ-सफाई कर्मचारी के मानदेय का भुगतान एनएचएम अंतर्गत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नोटशीट फार्मेट में तैयार किया जाता है जिस कारण तत्कालीन सिविल सर्जन का नाम लिपकीय त्रुटिवश नोटशीट में अंकित हो गया है। निविदा में जिस भी फर्म का न्यूनतम दर (एल-1) जिस सामग्री हेतु निर्धारित हुआ है उसी सामग्री को उसी फर्म से क्रय किया गया है किसी भी फर्म से बाजाार भाव से ढाई से तीन गुना अधिक कीमत पर क्रय नहीं किया गया है।

## हार-जीत खेल का अंग है, निराश न हों खूब मेहनत करें, जीत आपकी होगी:राधेश्याम राठिया



**रायगढ़, 23 सितम्बर।** 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2024 का समापन रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर में लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल उपस्थित रहे। समापन समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आकर्षक मार्चपास्ट भी किया।

लोक सभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि हर्ष की बात है रायगढ़ में राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ और आप सभी को यहां खेलने का अवसर मिला। जिसमें आपने अपने खेल को निखारे होंगे। हार-जीत खेल का अंग है, निराश न हो खूब मेहनत करें अगली जीत आपकी होगी। खेल के साथ पढ़ाई में भी विशेष ध्यान दें। मुझे विश्वास है आप सभी छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। रायगढ़ को जोन बनाने का प्रयास किया जाएगा ताकि अंचल के खिलाड़ियों को एक अच्छा अवसर मिलने के साथ सुविधाओं में वृद्धि हो सके। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं भी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल ने कहा कि क्रीड़ा प्रतियोगिता में आपके मेहनत के अनुरूप सफलता मिली होगी। खेल को टीम भावना से खेले जीत अवश्य मिलेगी। हार में निराश न हो हार को सुधारते हुए जीत की तैयारी करें। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा श्री रवि भगत, श्री विवेक रंजन सिन्हा, श्री कौशलेश मिश्रा, श्री सनत नायक, श्रीमती शीला तिवारी, श्री पंकज ककरवाल, श्री चंद्र प्रकाश पाण्डे, श्री प्रवीण द्विवेदी, श्री राजेश बेहरा, श्री रामजानी भारद्वाज, श्री अजय यादव, श्री अंशु टुटेजा, डीईओ श्री राव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंच संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल ने किया।ऑल ओवर चैम्पियन बना रायपुरराज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 में रायपुर संभाग ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ऑल ओवर चैम्पियन बना। इसी प्रकार व्हालीबॉल बालिका 19 वर्ष वर्ग में प्रथम रायपुर संभाग, द्वितीय बस्तर संभाग तथा तृतीय स्थान पर दुर्ग संभाग संभाग रहा। 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम रायपुर संभाग, द्वितीय दुर्ग संभाग तथा तृतीय स्थान पर बिलासपुर संभाग रहा। खो-खो 17 वर्ष बालिका वर्ग में दुर्ग संभाग प्रथम, द्वितीय बस्तर तथा बिलासपुर संभाग तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार 17 वर्ष बालक वर्ग में बस्तर संभाग प्रथम, द्वितीय दुर्ग संभाग तथा तृतीय स्थान पर बिलासपुर संभाग रहा। खो-खो 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर बस्तर, दुर्ग संभाग द्वितीय तथा तीसरे स्थान पर बिलासपुर संभाग रहा। खो-खो 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम बस्तर संभाग, द्वितीय दुर्ग संभाग तथा तृतीय स्थान पर रायपुर संभाग रहा। टेबल टेनिस 14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम रायपुर संभाग, द्वितीय बिलासपुर संभाग तथा तृतीय बस्तर संभाग रहा। इसी प्रकार टेबल टेनिस 14 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम रायपुर संभाग, द्वितीय बिलासपुर संभाग तथा तृतीय दुर्ग संभाग रहा। टेबल टेनिस 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग संभाग, द्वितीय बिलासपुर संभाग तथा तृतीय रायपुर संभाग रहा। इसी प्रकार टेबल टेनिस 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम रायपुर संभाग, द्वितीय बिलासपुर संभाग तथा तृतीय दुर्ग संभाग रहा।

# नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों का तेजी से हो निराकरण:कलेक्टर



**रायगढ़, 23 सितम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने अविवादित और विवादित नामांतरण के मामले तेजी से निपटाने के लिए कहा। अगले 1 माह में इसमें प्रगति आनी चाहिए। इसके साथ ही सीमांकन के प्रकरणों को भी त्वरित रूप से निराकृत करें। जिले के साथ प्रदेश स्तर से भी इसकी मॉनिटरिंग की जायेगी। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में दर्ज ऐसे प्रकरण जो समय-सीमा से बाहर हैं और काफी लंबे समय से चल रहे हैं उनके निराकरण में भी समयबद्ध तेजी लाएं। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में उन्होंने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन जैसे विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को सभी राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने अविवादित नामांतरण के निराकरण के समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए मामले को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि मामला विवादित है तो उसी प्रकार से प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें। राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करें कि सभी मामले ऑनलाइन दर्ज हों और उनके लिए निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन किया जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि तहसीलवार नक्शा बटांकन के कार्य में प्रगति आयी है। इसे आगे लगातार इसी गति से जारी रखें। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अवार्ड पारित होने के पश्चात रिकॉर्ड दुरुस्ती का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नजूल पट्टों के नवीनीकरण हेतु नोटिस देने एवं प्रकरण दर्ज करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों के वितरण एवं वितरित वन अधिकार मान्यता पत्र की ऑनलाइन एन्ट्री में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गिरदावरी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गिरदावरी के दौरान आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं किसान किताब की प्रविष्टि भी साथ साथ करने के निर्देश दिए, जिससे इस कार्य में तेजी आए। इस दौरान एडीएम सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र निर्माण में लाएं तेजी**

कलेक्टर श्री गोयल ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र निर्माण की समीक्षा भी बैठक में की। कई विकासखंडों में निर्माण की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक स्कूली बच्चों का शत-प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनना चाहिए। इसके लिए सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में मॉनिटरिंग करते हुए जाति के साथ आय, निवास प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए।

**फील्ड विजिट के दौरान स्कूलों का भी करें निरीक्षण**

कलेक्टर श्री गोयल ने सभी राजस्व अधिकारियों को उनके अनुविभाग में स्थित स्कूलों और स्वास्थ्य केन्द्र का विशेष रूप से निरीक्षण करने हेतु कहा। साथ ही शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं आंगनबाड़ी केन्द्र जैसे विभिन्न शासकीय संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश भी उन्होंने दिए।

## पुतकेल के ग्रामीणों ने सांसद से सिंचाई सुविधा की मांग की



**आवापल्ली, 23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पिछले दिनों सदस्यता अभियान को गति देने बीजापुर प्रवास मे आये सांसद महेश कश्यप से आवापल्ली भ्रमण के दौरान पुतकेल के ग्रामीणों ने तालपेरु नदी में सिंचाई हेतु लिफ्ट इरीगेशन बनाने की मांग रखी ग्रामीणों का कहना है कि तेंलगाना कि तरह हम ग्रामीण तालपेरु नदी के आसपास मिर्च की खेती कर रहे है यदि यहां सिंचाई सुविधा मिलेगी तो हमारे तेलंगाना जाना नहीं पडेगा और सुविधा से हमारी आर्थिक स्थिति मे सुधार होगा मिर्च की खेती से हमारा परिवार भी आर्थिक रुप से सक्षम होगा सांसद महोदय ने ग्रामीणों की इस मांग को ध्यान में रखते हुए कहा कि मै भी किसान हूँ आप की मांग न्याय संगत.है इसके लिए मै पूरा प्रयास करुंगा इस मौके पर सांसद महोदय के साथ पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्री निवास रेडडी दुर्गा प्रसाद पंतेगी शंकरैया मडवी पुतकेल के उप सरपंच सहित गांव के किसान आदि मौजूद रहे।

## निसंतान बुजुर्ग दंपति का बना आवास तो शासन-प्रशासन का माना आभार



**बीजापुर, 23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत संकनपल्ली में 72 वर्षीय बुजर्ग हितग्राही राजैया यालम को वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री आवास तो स्वीकृत हो गया था किंतु निसंतान होने के कारण कोई काम में हाथ बटाने वाला नहीं था । जिसके कारण हितग्राही की पत्नी श्रीमती कमला यालम अकसर पीएम आवास की राशि शासन को वापस करने को कहा करती थी। जब यह जानकारी जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत रमेश नंदनवार को पता चली तो बुजुर्ग दंपति के आवास बनवाने में मदद करने के लिए ग्राम पंचायत सचिव श्री गोतुल रामू को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में ज़िले में आवास निर्माण प्रगति लाने नियमित समीक्षा के साथ हितग्राहियों तक पहुंचने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है।बुजुर्ग दंपति आवास बन जाने से बेहद खुश है इसलिये हितग्राही ने अपने पीएम आवास के गृह प्रवेश को उत्साह के साथ मनाया। बुजुर्ग दंपति के खुशी के इस क्षण में बड़ी संख्या में सगे संबंधी एवं ग्रामीण शामिल हुए। इस दिन गांव में उत्साह का माहौल था सभी पीएम आवास बन जाने से हितग्राही और प्रशासन को बधाई दिए। इस अवसर पर हितग्राही द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम से प्रेरणा लेते हुए आवास के सामने आम के पौधे का रोपण किया।बुजुर्ग दंपति ने बताया कि आवास को पूर्ण करने में पंचायत सचिव ने एक बेटे की तरह कड़ी मेहनत की। आवास अब पूर्ण हो गया है जिसकी पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश किया। हितग्राही की पत्नी की आंखों में गृह प्रवेश के दौरान खुशी के आंसू थे उन्होंने प्रशासन की मदद और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने पर शासन को धन्यवाद दिया। गांव में भी ग्रामीण भी प्रशासन की इस पहल की तारीफ कर रहे हैं।

## पेंटिंग-रंगोली के माध्यम से स्कूली बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश




**बीजापुर, 23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले भर में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक ÷स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता÷ थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 मनाया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधि एवं कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान- 2024 को जिले में सभी की भागीदारी से मानने हेतु स्वच्छता ही सेवा गतिविधि कलेंडर जारी किए गए हैं।इसी क्रम में छात्र - छात्राओं में स्वच्छता के प्रति सोच एवं जागरूकता विकसित करने स्वच्छता विषय पर निबंध, चित्रकला, पोस्टर, नारा लेखन, कविता लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक विषय पर विकासखण्डवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। अभियान के दौरान आगामी दिनों में स्वच्छ सुंदर आंगनबाड़ी केंद्र प्रतियोगिता, कबाड़ से कलाकृति, आमजन को शौचालय के उपयोग एवं रखरखाव संबंधी जागरूकता हेतु डोर टू डोर संपर्क, जिले में निर्मित सेग्रीगेशन शेड और सामुदायिक शौचालय का मरम्मत, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता लक्षित इकाई अर्थात कूड़े का ढेर का चिन्हांकन कर जनभागीदारी से साफ सफाई के के अलावा जनप्रतिनिधि एवं सरपंच संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जावेंगे।

## राजस्व के 2623 प्रकरणों का राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ निराकरण



**बीजापुर, 23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय लोक अदालत 21 सितंबर को आयोजित किया गया जिसमें राजस्व न्यायालय के अन्तर्गत कुल 2623 प्रकरणों का आपसी समझौते एवं राजीनामा के तहत निराकृत किया। विभिन्न खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी जिसमें श्री जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी (रा) बीजापुर, श्री विकास सर्वे अनुविभागीय अधिकारी (रा) भैरमगढ़, श्री यशवंत सिन्हा अनुविभागीय अधिकारी (रा) भोपालपटनम, श्री भूपेन्द्र कुमार गावरे अनुविभागीय अधिकारी (रा) उसूर, श्री डीआर ध्रुव तहसीलदार बीजापुर, श्री लोकेश ठाकुर तहसीलदार गंगालूर, श्री लक्ष्मण कुमार राठिया तहसीलदार भोपालपटनम, श्री सूर्यकांत धरत तहसीलदार उसूर एवं श्री मोहन लाल साहू तहसीलदार भैरमगढ़ एवं कुटरू नियुक्त किए गए थे।

### वजन तिहार के जरिए कुपोषण पर किया जा रहा प्रहार

# बच्चों के पोषण को लेकर लोगों को किया जा रहा जागरूक

- जिला कार्यक्रम अधिकारी ने 1 दर्जन से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 सितंबर।** कुपोषण से लड़ाई के लिए जिले के 1587 आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन तिहार का आयेजन किया गया है. इसमें 0 से 6 साल के सभी बच्चों के वजन और ऊंचाई को दर्ज किया जा रहा है. वजन तिहार जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में 12 से 23 सितंबर तक मनाया जा रहा है. इस दौरान विभाग को इस बात की सटीक जानकारी मिलेगी कि बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक क्षमता का विकास उनके उम्र के अनुसार हुआ है, या फिर वह कुपोषण की श्रेणी में बच्चा आता है. राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से किया जा रहा है. इसी कारण वजन तिहार का आयोजन किया गया है. प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी वजन तिहार मनाया जाता है, ताकि बच्चों के सही पोषण की जानकारी मिल सके. इस तिहार के जरिए विभाग का प्रयास रहता है कि कुपोषण के आंकड़ों में कमी लाई जाए।



अपने बच्चे का वजन कराने आएं ग्राम छेरकापुर निवासी प्रमोद वर्मा ने बताया की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बच्चों के वजन की जांच करने को कहा था. वैसे तो बच्चों का वजन ठीक है साथ ही समय-समय पर यहां से रेडी टू ईट भी मिलने की जानकारी दी गई।

#### लोगों को जागरूक करने का भी करेंगे काम

इस बारे में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवार ने सभी से आग्रह 0 से 6 साल तक के बच्चे को आंगनवाड़ी केंद्रों में नियमित वजन ऊंचाई कराने के लिए आग्रह किया गया। पोषण माह बेहद महत्वपूर्ण है.वजन तिहार में बच्चों के वजन स्तर और अच्छे पोषण के संबंध में जानकारी, उसके पोषण स्तर की जानकारी और सलाह आंगनबाड़ी केन्द्रों से पूर्णतः निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है. इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में पलारी, बलौदाबाजार एवं कसडोल विकासखंड के एक दर्जन से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्योहार आयोजन का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने प्रति केंद्र में बच्चे के वजन ऊंचाई माप के उपरांत पोषण ट्रैकर एप में एंट्री का मिलान भी किया तथा माताओं से बच्चे के विकास पर नजर रखने के संबंध में चर्चा की। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका को अच्छे से विकसित करने के निर्देश आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए है। जाटवार ने केंद्रों में रनिंग वाटर व्यवस्था, फोर्टीफाइड तेल, साफ सफाई तथा गर्म भोजन का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी आदित्य शर्मा, जिला पोषण समन्वयक एम्स रायपुर रूपेश चक्रधारी सहित, सीडीपीओ, पर्यवेक्षक तथा स्थानीय कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2 चालकों पर किया गया 10-10 हजार जुर्माना



**बलौदाबाजार, 23 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चालान करने में स्वयं एवं मार्ग में चलने वाले अन्य वाहन, राहगीरों के साथ सडक दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों को सबक मिल सके। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान के इसी क्रम में कसडोल एवं भाटापारा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 02 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा सभी प्रकरण में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें 20 सितम्बर को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 02 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10,000-10,000 का अर्थदंड का आदेश दिया गया है।

### हत्या की घटना में शामिल 2 आरोपियों को लवन पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 23 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 20 सितम्बर को प्रार्थी बनवारी निवासी वार्ड क्र. 01 लवन द्वारा थाना लवन आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 20 सितम्बर को इसका पुत्र विजय जो की लवन नगर में गुपचुप चाट बेचने का काम करता है, वह अपनी दुकान बंद कर, घर के लिए सामान लेकर रात्रि 08 :00 बजे लगभग वापस घर आ रहा था, कि इसी बीच अहिल्दा मोड लवन के पास मोहल्ले का ही फरार आरोपी अपने स्कूटी से आकर, पुरानी रंजिश पर से अपने पास रखे चाकू से मृतक के बाएं पैर के जांघ में ताबड़तोड़ वारकर मृतक को गंभीर चोट पहुंचाया। गंभीर चोट लगने से मृतक का जिला अस्पताल बलौदाबाजार में मृत्यु हो गया। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 389/2024 धारा 109(2), 103(1), 61(2)क, 238 क, ख 249 क, ख बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पकडे गए आरोपियों की निशानदेही पर प्रकरण में प्रयुक्त स्कूटी क्र. छ्त्र22 स्र्2548 एवं एक मोबाइल जप्त किया गया है। प्रकरण में हिरासत में लिए गए आरोपी चंद्रशेखर एवं देवेंद्र द्वारा हत्या के आरोपी को योजना बनाकर बचाने एवं उसे भगाने में मदद करना तथा घटना में संलिप्त होना पाया गया। प्रकरण में 21 सितम्बर को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### कलेक्टर सपरिवार पहुंचे एकलव्य स्कूल सोनाखान, बच्चों को भेंट की खेल सामग्री

# डरने की नहीं है जरूरत, पढ़ाई में फोकस ही हमारा मुख्य उद्देश्य : दीपक सोनी

- बच्चे हुए गदगद, बच्चों के संग साझा किए अनुभव
- दोषियों को मिलेंगी कड़ी सजा, प्रशासन है आपके साथ, कलेक्टर ने की एकलव्य स्कूल के लिए दो प्रशासकों की नियुक्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 23 सितंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी सपरिवार आज कसडोल विकासखंड के वीरभूमि सोनाखान स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय में पहुंचकर बच्चों से मुलाकात कर हालचाल का जायजा लिए। इस दौरान सोनी ने सपरिवार बच्चों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाते हुए पढ़ाई पर फोकस करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों को खेल सामग्री भी प्रदान किए. खेल समाग्री मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। सोनी ने बच्चों से रूबरू होते हुए वन टू वन बात चीत कर उनके शंका समाधन को दूर भी किए।

कलेक्टर ने एकलव्य स्कूल में हुई छात्रा के साथ घटना को दुर्भाग्य पूर्ण बताते दोषियों को सख्त सजा देने की बात कही। उन्होंने कहा आप सभी लोगो को डरने की कोई जरूरत नही है हम सब एक परिवार की तरह ही आप लोगो के साथ है। आप लोग पढ़ाई में फोकस करें यही हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए. पढ़ाई ही सब कुछ है पढ़ाई करने से ही हम डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य अधिकारी एवं सफल व्यवसायी बन सकते है। शिक्षक एवं छात्र एक सिक्के के दो पहलू है। दोनों के व्यवहार कुशल और मर्यादा के अनुरूप ही होने चाहिए.आप लोगो की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हमने 2 अनुभवी शिक्षकों को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए है। जिसमें हाई स्कूल मानाकोनी के प्राचार्य दीनू राम धृतलहरे एवं शासकीय स्कूल बलौदा की व्यख्याता बिराजो पैकरा की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही हम लोग आप लोगो के लिए खेल मैदान की भी व्यवस्था कर रहे है। बच्चों ने भी खेल मैदान की कमी, कंप्यूटर क्लास, कला, खेल एवं म्यूजिक के शिक्षक एवं नर्स नही होने की बात कलेक्टर को बताई. जिस पर कलेक्टर ने उक्त सभी शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था एवं संविदा नर्स की नियुक्ति करने के निर्देश दिए है।

सोनी ने स्कूल एवं हॉस्टल के नोटिस बोर्ड में अधिकारियों के नाम मोबाईल अंकित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। साथ ही मंडल संयोजक को कार्य में लापरवाही बरतने एवं ठीक से निरीक्षण करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर ने अलग अलग शिक्षको, छात्रों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं गांव के जन प्रतिनिधियों से मुलाकात किए।

कलेक्टर दीपक सोनी की पत्नी अदिति सोनी ने गर्ल्स हॉस्टल जाकर सभी बच्चों से बातचीत कर उनके समस्याओं को जाना। इस दौरान कलेक्टर की दोनो बेटियां भी उपस्थित रही। दोनो बेटियों ने भी बच्चों के संग खेल खेले। खेल सामग्रियों में वॉलीवाल, फुटबाल, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम बोर्ड, रस्सी कूद, क्रिकेट किट, पेटिंग सहित अन्य सामग्री शामिल रहा है। इस मौके पर एसडीएम आर आर दुबे, तहसीलदार निवेश कुरेठी, थाना प्रभारी, सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

गौरतलब है विगत दिनों एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान में पदस्थ शिक्षक के द्वारा बच्चों के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई थी। जिससे स्कूल का माहौल प्रभावित हुआ है। उक्त घटना में शिकायतों के आधार पर पुलिस कार्रवाई करते हुए शिक्षक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मारपीट कर युवक की हत्या के मामले में दो लोग गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 सितंबर।** 19 सितम्बर को रात्रि करीबन 10:00 बजे ग्राम हिरमी में अपना ढाबा संचालक जग्गू उर्फ जागेश्वर द्वारा अपने अन्य 02 अन्य आरोपी सहयोगियों के साथ अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के पास स्थित क्क टायर दुकान में काम करने वाला संजीव पासवान के सांथ गाली गलौज कर हांथ मुक्का लात एवं लाठी डंडा से गंभीर रुप से मारपीट किया गया था, मारपीट की सूचना पर थाना सुहेला पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंचकर घायल संजीव पासवान को ईलाज हेतु रायपुर नारायणा हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां घायल की मृत्यु हो गई। की सूचना पर जिला रायपुर में संबंधित थाना मौदहापारा रायपुर द्वारा मृतक का शव पंचनामा कार्यवाही संपन्न किया गया।

तत्पश्चात युवक की मारपीट कर हत्या करने वाले आरोपियों के विरुद्ध थाना सुहेला में अपराध क्र. 236/2024 धारा 103, 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा फॉरेंसिक वैज्ञानिक अधिकारी के साथ मिलकर घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण का साक्ष्य एकत्रित किया गया। पुलिस द्वारा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था जिसमें आरोपीयों के उड़ीसा भागने के फिराक में होने का पता चला। जानकारी मिलने पर थाना सुहेला से निरीक्षक लखेश केंवट प्रआर पुरेंन्द्र साहू, महिला प्रआर जागेश्वरी वर्मा, आरक्षक सुरेश वर्मा, दिनेश चंद्रवंशी एवं केशरी नंदन वर्मा की पुलिस टीम द्वारा सायबर सेल बलौदाबाजार की मदद से आरोपियों को कोंडागांव से हिरासत में लिया गया।



आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा हत्या की घटना का मुख्य तथ्य सामने लाते हुए बताया गया कि- मृतक संजीव पासवान ढाबा में आकर आये दिन गुटखा मांगता रहता था एवं खाना खा लेता था, जिसका आरोपियों द्वारा पैसा मांगने पर भी मृतक द्वारा नहीं देने पर, आरोपियों द्वारा एक राय होकर फरार अपने अन्य एक साथी के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए, हांथ मुक्का लात एवं बांस की लाठी से मारकर मृतक की हत्या करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में दोनों आरोपियों को 21 सितम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। प्रकरण का एक आरोपी घटना कारित कर फरार हो गया है, जिसकी पता तलाश की जा रही है। आरोपियों का नाम जागेश्वर उर्फ जग्गू उम्र 30 वर्ष निवासी सुहेला हाल पता ग्राम हिरमी अपना ढाबा संचालक थाना सुहेला, विरेंन्द्र कुमार उर्फ फर्जी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम तुलसी (मानपुर) थाना नेवरा जिला रायपुर है।

### पति का 20 साल पुराना सपना हुआ साकार

# प्रधानमंत्री आवास योजना से इंदुकुंवर को मिला पक्का मकान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 सितंबर।** बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम रसेडा निवासी इंदकुंवर ध्रुव का जीवन संघर्ष और हिम्मत से भरा रहा है। 20 साल पहले उनके पति मनीष ध्रुव जो कि एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करते थे.लंबी बीमारी के बाद इस दुनिया से चले गए। उस समय इंदकुंवर पर जैसे पहाड़ टूट पड़ा हो। पति की मृत्यु के बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। उनके पास न कोई बड़ी संपत्ति थी, न ही कोई स्थिर आय का स्रोत।।परिवार को पालने के लिए इंदकुंवर ने दूसरों के खेतों में मजदूरी करना शुरू किया। उनकी जिंदगी का एकमात्र उद्देश्य था, अपने तीन बच्चों का पालन-पोषण और उन्हें बेहतर भविष्य देना। इंदकुंवर के दो लड़के और एक लड़की है। तीनों बच्चों को मजदूरी करके जैसे तैसे पढ़ाया, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उन्हें अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी और



मजदूरी में लगना पड़ा, ताकि वे अपनी मां का सहारा बन सकें। ऐसे कठिन समय में सरकार की योजनाओं ने इंदकुंवर की जिंदगी में एक नई रोशनी की किरण दिखाई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें अपना घर बनाने का मौका मिला। उनके पास अब एक पक्का घर है, जो उनके जीवन की सबसे बड़ी जरूरत थी। इसके साथ ही महतारी वंदना योजना के तहत उन्हें आर्थिक सहयोग मिलता है, जिससे घर का खर्च चलाने में काफी मदद हो जाती है। सरकार की इन योजनाओं ने उनकी जिंदगी को स्थिरता और सुरक्षा दी है। इंदकुंवर अब खुद को और अपने बच्चों को एक सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ते देख रही हैं। इंदकुंवर ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा अगर सरकार की ये योजनाएं न होतीं, तो हम इस कठिन समय को कैसे पार कर पाते, यह सोच पाना भी मुश्किल है। मेरे पति का सपना था की हमारा भी पक्का मकान हो जो अब पूरा हो गया है. इससे हमारा जीवन पहले से कहीं बेहतर भी हो गया है।

### कीचड़ से मिलेंगी अब मुक्ति, पीएम जनमन के तहत कमारपारा में सीसी रोड़ बनकर तैयार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 सितंबर।** प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के बसाहटों को चिन्हांकित कर वहां निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता से पूरा कराया जा रहा है। जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत अंतिम छोर में स्थित वनांचल ग्राम बल्दाकछार के कमारपारा के लिए 11 लाख 67 हजार के दो सीसी रोड़ स्वीकृत की गई थी। जिसमें से वार्ड क्रमांक 14 कमार बस्ती मे 6 लाख 25 रूपये के सीसी रोड़ पूरी तरह से बन गए है। सीसी रोड़ बनने से कीचड़ से मुक्ति मिल जाएगी साथ ही लोग को आवाजाही में भी आसानी होगी। इसके



अतिरिक्त 5 लाख 42 हजार रूपये की लागत से मेन रोड से कमारपारा होते हुए गोठान तक सीसी रोड़ निर्माणधीन है। कमारपारा में ही निवासरत चंदाबाई कमार कहती है की पहले बरसात के दिनों में गली बहुत कीचड़ हो जाता था जिससे आने जाने में बहुत दिक्कत होती थी। अब हम लोगो आसानी से आ जा सकते है। उन्होंने जल्द ही सीसी रोड़ बनाने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## समाचार संक्षेप

### राजमिस्त्रियों को हेलमेट व सर्टिफिकेट का वितरण



**भखारा, 23 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत सिलतरा में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित RPl प्रोग्राम के अंतर्गत राजमिस्त्रीयो को सर्टिफिकेट और हेलमेट वितरण किया गया जिसमें रायपुर कलस्टर हेड पवन साहू, सेंटर हेड कोमल साहू, ट्रेनर रोहित साहू एवं वेदव्यास साहू, मेंटर यशवंत साहू सहित सरपंच चंदूलाल निषाद, जनपद सदस्य हुमेंद्र गजेंद्र, रामनारायण साहू, भीखम निषाद, भुवन पटेल, द्वारिका निषाद, भुवन साहू, संतोष साहू, आनंद टंडन, दीनदयाल साहू, सोमेश्वर गिरी, भागवत देवांगन, यशवंत निषाद, शिवचरण निषाद, ओमकार निषाद, पंकज निषाद सहित बड़ी संख्या में राजमिस्त्री व ग्रामीण उपस्थित रहे।



### पुलिस हिरासत में मौत सरकार की नाकामी है : अधिवक्ता साहू

**भखारा, 23 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू (राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ) ने गृहमंत्री विजय शर्मा के विधानसभा क्षेत्र के लोहारीडीह कवर्धा में प्रशांत साहू की पुलिस हिरासत में हुई मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि घटना कि जो वीडियो और तस्वीर समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से मिल रही है वह बहुत ही मार्मिक और दिल दहला देने वाली है इस तरह की घटना मानवता के लिए स्वीकार्य नहीं है यह बहुत ही निंदनीय एवं शर्मानक घटना है पुलिस हिरासत में बर्बर पिटाई से हुई मौत छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की लचर प्रशासनिक व्यवस्था पर एक प्रश्न चिन्ह लगाती है। पुलिस हिरासत में दुर्व्यवहार एवं बेरहमी से पिटाई का प्रदेश में यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी कई मामले सामने आती रही है किंतु मौजूदा सरकार के द्वारा इस तरह की घटनाओं पर केवल राजनीति करने के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है यही कारण है कि इस तरह की घटनाओं का पुनरावृत्ति हो रहा है जो अत्यंत चिंताजनक और दुःखद है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को सख्ती से पेश आना चाहिए और ऐसे कठोर प्रावधान करनी चाहिए ताकि इस तरह की घटनाओं के पुनरावृत्ति ना हो 7 ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ मांग करती है कि प्रशांत साहू की मौत की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों को फांसी की सजा एवं पीड़ित परिवारों को उचित सुरक्षा दिया जाए।



### सात दिवसीय अखण्ड रामनाम सप्ताह यज्ञ रामधुनी सम्मेलन 25 से



**भखारा, 23 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम सुपेला (भखारा) में विगत 56 वर्षों की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी 57 वीं सोपान तय करने पितृ पक्ष के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सात दिवसीय अखण्ड रामनाम सप्ताह यज्ञ रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया गया है। उक्त आयोजन बुधवार से ग्राम पंचायत सुपेला की हृदयस्थल नया बाजार चौंक में प्रारंभ होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के ख्यातिनाम रामधुनी मंडलियों को रामकथा गायन एवं झांकी के लिए आमंत्रित कर प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी।जिसमें प्रतिदिन अलग अलग मण्डलियाँ अपने निर्धारित समय में संगीतमय श्रीराम कथा की प्रस्तुति देंगे इस रामधुनी सम्मेलन में गायन और झांकी मंडलियों के लिए सांत्वना राशि की व्यवस्था किया गया है।जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी मंडलियों के लिए 2500/- रुपए की सांत्वना राशि विशेष दान दाताओं की ओर से प्रदान किया जाएगा।इसके अलावा प्रत्येक मंडलियों को श्रीफल व रामटोकरी अलग से दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम विकास समिति के सरंक्षक कृष्णदयाल साहू, सोनऊ राम देवांगन, अध्यक्ष मूलचंद साहू, उपाध्यक्ष विष्णु राम देवांगन, सचिव द्वारिका राम प्रधान, कोषाध्यक्ष दिग्विजयसिंह साहू, ग्राम पटेल बलराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि चेतन देवांगन, उपसरपंच सुदामा राम साहू, सदस्य पूरन लाल साहू सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं उक्त जानकारी ग्राम विकास समिति के सदस्य बुद्धदेव साहू ने दी।

### मोटरसाइकिल से शराब ले जाते तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 23 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना हथबंद पुलिस द्वारा शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों, जुआ, शराब, सट्टा आदि अनैतिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 21 सितम्बर को मुखबिर सूचना पर थाना हथबंद से निरीक्षक के.सी.दास, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार, राजकुमार, आरक्षक भुवन वर्मा, प्रशांत दीवान, भरत बंजारे, नंदकिशोर वर्मा की पुलिस टीम द्वारा ग्राम हथबंद में घेराबंदी कर बाइक के माध्यम से अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाने वाले 03 आरोपी शराब कोचियों को पकड़ा गया। आरोपी से 5940 कीमत मूल्य का 54 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त 02 एवं 03 मोबाइल जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना हथबंद में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम टिकेश्वर उम्र 19 साल निवासी नेवरा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर, रवि कुमार उम्र 19 साल निवासी नेवरा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर, दिनु उम्र 32 साल निवासी ग्राम सीतापार थाना हथबंद है।

## एक नजर

### हैदराबाद के लिए नई उड़ान सेवा



**रायपुर 23 सितंबर।** प्रदेश के हवाई यात्रियों के लिए हैदराबाद जाने-आने का सफर अब और सुगम हो गया है. बजट एयरलाइंस इंडिगो ने आज 23 सितंबर से हैदराबाद-रायपुर सेक्टर में एक नई उड़ान के संचालन की तैयारियां कर ली है. अब हैदराबाद के लिए तीन उड़ानों का विकल्प उपलब्ध होगा. यह नई उड़ान हैदराबाद-रायपुर-हैदराबाद के बीच प्रतिदिन संचालित की जाएगी. इस उड़ान की शुरुआत के साथ हैदराबाद-रायपुर सेक्टर में दो एयरबस और एटीआर की सेवाएं उपलब्ध होंगी. विमानन कंपनियों के लिए सीजन की शुरुआत के साथ हैदराबाद की नई उड़ान मिलने से प्रदेश के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी. स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से सबसे ज्यादा छह उड़ानों का संचालन दिल्ली के लिए किया जाता है. अब दूसरे स्थान पर कोलकाता और हैदराबाद के लिए रोजाना तीन-तीन उड़ानों का विकल्प उपलब्ध होगा.

### अपर्ण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया

**रायपुर 23 सितंबर।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ रायपुर द्वारा भारत स्काउट एवं गाइड़ रोवर रेंजर के बच्चों ने स्वच्छता अभियान पखवाडा के अंतर्गत अपर्ण दिव्याग पब्लिक स्कूल न्यू राजेन्द्र नगर बजाज कालोनी रायपुर में अभियान चलाया गया जिसमें जिला अध्यक्ष श्री जी स्वामी ,जिला मुख्य आयुक्त श्री डॉ सुरेश शुक्ला निरीक्षण कर स्काउट एवं गाइड रोवर रेंजर के बच्चों के साथ मिलकर स्वंम श्रमदान किये बच्चों बिज हसिखूसि उत्साह उत्पन्न होने लगा घास पुस की सफाई में उत्साहवर्धन होने लगा और स्वच्छता अभियान को शालिनतापूर्ण किया गया जिला सचिव श्री मृत्युन्जय शुक्ला के मार्ग दर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सीनियर स्काऊटर हेमंत शुक्ला, दिनेश कुमार देवांगन,निरंजन सिंह साव, नमन साहू, कौशल जांगडे, दिनेश, अपर्ण दिव्याग पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा एवं वीर शिवाजी न पा नि खमतराई के स्काउट एवं गाइड रोवर रेंजर के बच्चे सम्मिलित हुए और जिला संगठन आयुक्त स्का बालक दास राऊत आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहें। सभी ने अपना श्रमदान किया।और स्वच्छता अभियान को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।



### तुलसी भवन में स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर 23 सितंबर।** सरयूपारिण ब्राह्मण समाज द्वारा तुलसी भवन संजय नगर में स्वास्थ शिविर, सुरक्षा एवम के वाय सी मेले का भव्य आयोजन किया गया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा एवम अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला,वरिष्ठ पत्रकार रामवतार तिवारी ने की। समाज के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के आरंभ में विधायक पुरंदर मिश्रा का स्वागत कैलाश तिवारी , आर एल द्विवेदी, संजय तिवारी द्वारा एवम युवाओं की ओर से बैजनाथ मिश्रा ,अंकुश शुक्ला ,शिवम त्रिपाठी संजय मिश्रा ने किया। अपने संबोधन में पुरंदर मिश्रा ने सबको भगवान जगन्नाथ का कार्यकर्ता बनने की सलाह देते हुए कहा कि श्री जगन्नाथ अपने कार्यकर्ताओं की गलतियों को माफ कर देते है , उन्होंने समाज के लिए सात दिन चौबीस घंटे उपलब्ध होने हर संभव सहयोग का भरोसा दिया ।विशेष अतिथि के रूप में ऊपस्थित रामावतार तिवारी वरिष्ठ पत्रकार ने समाज के युवाओं को समाजहित में कार्य करने की बात कही इस अवसर पर उनका सम्मान भी किया गया। समाज के अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला ने विधायक मिश्रा जी को समाज में किये कार्यों व भवन विस्तार से अवगत कराया।विधायक श्री मिश्रा ने आज स्वास्थ शिविर का शुभारंभ करते हुए डा पीयूष भार्गव , डा देवेश द्विवेदी डा महामाया प्रताप , डा ओ ईश्वरचंद से अपना शुगर ,बी पी जांच करा कर स्वास्थ शिविर का शुभारंभ किया।

### सरेआम शराब पीते 16 पकड़ाए

**रायपुर, 23 सितम्बर ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी महेन्द्र सपहा 41 वर्ष, चेतन ध्रुव 39 वर्ष व अजय साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी रवि ठाकुर 30 वर्ष व महेन्द्र रजक 29 वर्षा को गिरफ्तार किया है। इसी तरह कोतवाली आरोपी प्रहलाद सिंह 25 वर्ष, देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी नीरज शुक्ला 30 वर्ष व किशोरी लाल शुक्ला 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी शुभम अग्रवाल 28 वर्ष, अभनपुर पुलिस ने आरोपी विकास राव 35 वर्ष व राजू धीवर 37 वर्ष एवं नेवरा पुलिस ने आरोपी रामभरोसा 55 वर्ष, बालदास लहरे 26 वर्ष, रोहित कुंभकर 36 वर्ष, दीपक वर्मा 85 वर्षा एवं प्रेमलाल कुर्रे 32 र्ष को गिरफ्तार किया है।

# आवासीय खेल अकादमी का औचक निरीक्षण

## खेल संचालक ने कमियों को लेकर लगाई फटकार, वेंडरों को नोटिस जारी

**रायपुर 23 सितंबर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनुजा सलाम ने राजधानी स्थित आवासीय तीरंदाजी अकादमी और आवासीय बालिका हॉकी अकादमी के छात्रावासीय खिलाड़ियों को दी जा रही सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान बालक-बालिका छात्रावासों में कई प्रकार की कमियां पाई गईं. इसे लेकर उन्होंने जिम्मेदारों को फटकार लगाई और सख्ती से कार्रवाई की है. जानकारी के अनुसार, बालिका छात्रावास के मेस में मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं परोसे जाने की बात सामने आई. इसे लेकर संबंधित वेण्डर को तत्काल नोटिस जारी करवाया. इसके साथ ही दोबारा शिकायत प्राप्त होने पर निविदा निरस्त करने की हिदायत भी दी गई. वहीं साफ-सफाई में कमियां पाई गई, इस पर भी संबंधित वेण्डर को फटकार लगाते हुऐ नोटिस जारी कर तत्काल व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया है. बालिका छात्रावास एवं बालक छात्रावास में कमरों का निरीक्षण भी संचालक द्वारा किया गया. मेंटेनेंस की कमियों के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल अवगत कराते हुए आवश्यक मेंटेनेंस की कार्यवाही तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया गया. इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था की कमी को देखते हुए संचालक ने नाराजगी जाहिर की और नोटिस जारी कर सुरक्षा व्यवस्था ठीक करने का निर्देश दिया.



बालक छात्रावास में नियुक्त वार्डन की अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में संबंधित को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया. विभागीय प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली गई और खिलाड़ियों के परफॉर्मेंस को और बेहतर बनाने का लक्ष्य दिया गया है.

संचालक तनुजा सलाम ने कहा की जहा-जहा भी अव्यवस्था पाई गई है. उसमे मैने उन्हे कड़े निर्देश और चेतावनी दी है की आगे किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी हॉस्टल में रह रहे खिलाड़ियों को ना हो. आगे मैं निरंतर इसको लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए है. अगर कोई भी ऐसी अव्यस्था देखी जाती है. तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी. जिम्मेदारों से जवाब देने 24 घंटे का समय भी दिया था. जो भी जवाब आएगा उसके हिसाब से जांच होगी।



### धर्मशाला निर्माण के लिए पंद्रह लाख रुपये दान

**रायपुर 23 सितंबर।** ब्राह्मणपारा रायपुर स्थित श्री राधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर *सुहागा मंदिर प्रांगण में बन रहे धर्मशाला में सभाकक्ष निर्माण हेतु सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे अंचल के विख्यात अधिवक्ता कमलनारायण शर्मा ग्राम परतेवा वाले की स्मृति में उनकी सुपुत्री श्रीमती सविता पाठक पत्नी डाक्टर विजय प्रकाश पाठक सुंदर नगर रायपुर ने शर्मा परिवार की ओर से पंद्रह लाख रुपए की दानराशि चेक द्वारा मंदिर जाकर ट्रस्ट कमेटी को प्रदान की। मंदिर ट्रस्ट कमेटी श्रीमती सविता पाठक एवं डाक्टर विजय प्रकाश पाठक को उनके उदारता पूर्वक दिए गए इस अनुकरणीय सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ खुशहाल एवं सुखमय जीवन की ईश्वर से प्रार्थना करती है। उल्लेखनीय है कि उनके द्वारा प्रदत्त यह दान सामाजिक कार्यों के लिए दी गई अब तक की सबसे बड़ी सहयोग राशि है।

# शहीद भवन में बच्चों का छत्तीसगढ़ स्तरीय नातिया प्रोग्राम आयोजित

**रायपुर 23 सितंबर।** शहर सीरतुन्नबी कमेटी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर 22/09/2024 को सुबह 10 बजे से शहीद स्मारक भवन रायपुर में छत्तीसगढ़ स्तरीय बच्चें व बच्चियों का नातिया प्रोग्राम आयोजित हुआ जिसमे धमतरी , दुर्ग , राजनानदगांव , बिलासपुर और भी जगह के बच्चों ने हिस्से लिया। जिसमे समस्त बच्चे बच्चियों ने बड़े ही आकर्षक एवं खूबसूरत अंदाज़ में कार्येक्रम प्रस्तुत किया। जिसपर आये हुआ मुख्य अतिथि ने कार्येक्रम की जमकर सराहना की साथ ही उन्होंने बताया की हज़रत मोहम्मद साहब ने शांति व् भाईचारे का सन्देश दिया है। जिसकी मिसाल हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश है उन्होंने जश्ने ईद मिलादुन्नबी के कार्येक्रम को सफलता पूर्वक संचालित करने पर प्रोग्राम इंचार्ज हाजी शहज़ाद साहब उर्फ़ बंटी (क्रेजी चिप्स) और मंच संचालन के लिए इक़बाल शरीफ साहब को मुबारकबाद पेश की , साथ ही कमेटी के सदर हाजी मो मुख्तार अशरफी व जनरल सेक्रेटरी हाजी शेख शोबी जमील ने आये हुए मेहमानो व सहयोगियों का इस्तेकबाल किया और सभी बच्चे व बच्चियों को इनाम दिया ।



इस अवसर पर चीफ ऑर्गनाज़र सोहेल सेठी , खजांची इरफ़ान जिलानी , फाउंडर मेंबर हाजी शेख नाजीमुद्दीन ,हाजी जावेद राजा , हाजी बदरुद्दीन खोखर, शफीक अहमद (फुग्गा भाई), डॉ मुजाहिद अली फारूकी, मोईन भाई , नदीम मेमन, फैज़ान कुरैशी , अशफाक अहमद ,रिज़वान लतीफ़ अदि उपस्तिथ थे।

# कैट का स्वास्थ्य शिविर 24 को

**रायपुर 23 सितंबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की मिटिंग कैट के प्रदेश कार्यालय में हुई। मिटिंग में सहमति बनी कि कैट द्वारा स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 24 सितंबर को सुबह 11 बजे से कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय, सी.- 1, ई.ए.सी. कॉलोनी, केनाल रोड, आक्सीजोन गार्डन के पास किया जायेगा है।

कैट सी. जी. चैप्टर के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट द्वारा स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी रहेगें। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरो के द्वारा जांच किया जायेगा। जिसमें शहर के जाने माने डॉक्टर्स जैसे ̶ हृद्वय रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, कैंसर रोग विशेषज्ञ सहित जनरल मेडिसीन के विशेषज्ञ डॉक्टरो की निःशुल्क सेवा प्रदान की जायेगी । कैट सभी व्यापारी बन्धुओ से अपील करती है, कि इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ ले और, अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराकर स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।





### पान ठेला से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 23 सितम्बर ।** रिंग रोड नंबर 3 ग्राम बरौदा स्थित पान ठेला से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए के सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शेषनारायण यादव 48 वर्ष ग्राम बरौदा का रहने वाला है। प्रार्थी रिंग रोड नंबर 3 में सड़क किनारे पानठेला चलाते है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के पानठेला में रखे 40 हजार रुपए का गुटका, सिगरेट पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# बच्चों ने सीखी दादा गुरुदेव की पूजा की विधि

**रायपुर 23 सितंबर।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी की प्रेरणा से प्रति रविवार को बच्चों के मन मस्तिष्क में सुसंस्कार के बीजारोपण करने श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सकारात्मक पहल करते हुए बच्चों को दादागुरुदेव की पूजन विधि सिखाई गई । अनुमोदना स्वरूप बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है । पुरस्कार के लाभार्थी श्री विवेक , यश हर्ष वीर डागा परिवार हैं । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस रविवार को सभी बच्चों ने दादागुरुदेव की पूजन विधि उसका महत्व व इक्तिसा जाप का पाठ मुखाग्र याद किया , उत्साहित बच्चे प्रातः से ही पूजन के वस्त्र जैन संस्कृति के परिचायक धोती दुप्पटा पहन कर आते हैं , तथा अपने मधुर कंठ से गुरू भक्ति के श्लोक दासानुदास ईव सर्व देवा यदीय पादाब्जतले लुठन्ति , मरुस्थली कल्प तरु सजियात युगप्रधानों जिनदत्त सूरि के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने श्री जिनकुशल सूरि जी श्री जिनदत्त सूरि जी व श्री जिनचंद्र सूरि जी की प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया । यही नहीं इस प्रयास से बच्चो के माता पिता भी प्रातः से ही पूजन में आने लगे हैं । ट्रस्टी निलेश गोलछा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा भावी पीढ़ी को संस्कारित करने रात्रि धार्मिक पाठशाला का भी संचालित हो रही है।



# यह न्याय नहीं, बौखलाहट पदयात्रा है : भाजपा

**रायपुर 23 सितंबर।** भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दाऊ अनुराग अग्रवाल ने कांग्रेस की प्रस्तावित छत्तीसगढ़ न्याय पदयात्रा को बौखलाहट पदयात्रा निरूपित करते हुए कहा है कि जिस कांग्रेस के पिछले शासनकाल में पूरे पाँच साल तक प्रदेश के हर वर्ग के साथ केवल, और केवल अन्याय-अत्याचार की सारी हदें पार कर दी गई थी, आज वह कांग्रेस न्याय की बात ठीक वैसे ही कर रही है, जैसे कोई बिल्ली सौ-सौ चूहे खाकर हज जाने की बात करे। अनुराग अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस अब छत्तीसगढ़ में महज अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए नित-नए स्वांग करने में लगी है।

भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दाऊ अनुराग अग्रवाल ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस गिरौदपुरी धाम को अपने राजनीतिक षड्यंत्र का केंद्र बनाकर बाद में उसी की आड़ में बलौदाबाजार में हिंसा का ताण्डव कांग्रेस ने किया, उस गिरौदपुरी धाम से अपनी कथित न्याय पदयात्रा शुरू करने से पहले कांग्रेस यह बताए कि बलौदाबाजार हिंसा के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए क्या वह प्रदेश सरकार की जाँच प्रक्रिया में पूरा सहयोग करेगी? कांग्रेस की भूपेश सरकार के कार्यकाल में बिरनपुर में मॉब लिंचिंग करके भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या के मामले में न्याय करना कांग्रेस के एजेंडे में क्यों नहीं रहा? प्रदेश भर में जंगलराज चला रहे लोगों को कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार संरक्षण देकर न्याय की कौन-सी इबारत लिख रही थी? दाऊ अनुराग ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पर हमलावर होते हुए यह भी सवाल दागा कि अभी हाल ही पाँच लोगों द्वारा भिलाई में एक प्रोफेसर की हुई बेदम पिटाई के मामले के सुपारी देने वाले एक फरार आरोपी और इस मामले के मास्टर माइंड को पकड़वाने में सहयोग करके पीड़ित प्रोफेसर को भी अपनी तथाकथित न्याय पदयात्रा के जरिए न्याय दिलाने का साहस क्या कांग्रेस दिखाएगी? अगर न्याय दिलाने में भी कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र दोगलेपन को उजागर करता है तो ऐसी न्याय पदयात्रा सिवाय पाखंड के और कुछ नहीं है। श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसी ही एक न्याय यात्रा निकालकर राहुल गांधी कांग्रेस की फजीहत करा चुके हैं और छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी रही-सही कसर पूरी करने जा रहे हैं। कांग्रेस के छत्तीसगढ़ बंद को विफल करके प्रदेश ने कांग्रेस को आईना दिखा ही दिया है। काश, बैज इसे समझ पाते।

# पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया


**रायपुर 23 सितंबर।** भारतीय रेलवे द्वारा इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता थीम के साथ स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक मनाया जा रहा है । इसी क्रम में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक आयोजित इस स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । इसी कड़ी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के छठवें दिन आज वेस्ट रिसायकल थीम पर स्वच्छता आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । रायपुर मंडल के स्टेशनों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई गई । इसके अंतर्गत वेस्ट मटेरियल से बने मॉडल्स बनाए गए जिसमें रेल कर्मचारियों द्वारा वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके स्वच्छता से संबंधित विभिन्न मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया गया। स्टेशनों और रेल परिसरों की सफाई के साथ ही वेस्ट मटेरियल के सही प्रबंधन के लिए जागरूकता भी फैलाई गई । इस कार्यक्रम के तहत रेलवे स्टेशनों, रेल परिसरों और अन्य संबंधित क्षेत्रों में स्वच्छता अभियानों को बढ़ावा दिया गया । वेस्ट मटेरियल जैसे प्लास्टिक, कागज, धातु आदि को पुनः उपयोग (रीसाइकल) करके विभिन्न उपयोगी वस्तुओं और मॉडलों का निर्माण हेतु प्रोसाहित किया गया, जिससे कचरे को कम करने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# हिंदी स्वमेव प्रतिष्ठित राष्ट्रभाषाः संजीव

**रायपुर 23 सितंबर।** विगत दिनों वृंदावन हॉल सिविल लाइंस रायपुर में देश की प्रतिष्ठित साहित्य एक संस्था हिंदी साहित्य अकादमी भारत की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी भाषा पर राज्य स्तरीय भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें धमतरी महासमुंद,दुर्ग,भिलाई आदि के कवियों, साहित्य मनीषियों द्वारा कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया । कार्यक्रम में साहित्य अकादमी के पदाधिकारियों तथा अन्य साहित्यकारों,कवियों द्वारा एकमतेंन प्रस्ताव पारित कर हिंदी-भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए प्रस्ताव राज्य तथा केंद्र सरकार को भेजने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि, चिंतक, लेखक संजीव ठाकुर,अध्यक्ष समाजसेवी डॉ उदय भान सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि राम मूरत शुक्ला, राजेश जैन राही एवं लतिका भावे थीं, संस्था की अध्यक्ष शोभा रानी शर्मा सलाहकार डॉक्टर अपराजिता शर्मा तथा हिंदी साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष महेंद्र अजनबी महासचिव शालू सूर्या मौजूद थे। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि कवि, चिंतक,लेखक साहित्यकार संजीव ठाकुर ने कहा कि स्वाधीनता संग्राम में हिंदी भाषा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी हिंदी ने पूरे राष्ट्र को एकजुट रख स्वतंत्रता की अलख जगाई थी, उन्होंने कहा हिंदी दिवस केवल एक दिन नहीं वर्ष भर मनाया जाना चाहिए और भारत देश की हिंदी स्वमेव राष्ट्रभाषा प्रतिष्ठित रूप से स्थापित है केवल इसकी औपचारिक घोषणा की जानी ही शेष है। उन्होंने हिंदी दिवस एवं राष्ट्र को समर्पित कविताएं सुनाइ, अध्यक्ष उदयभान सिंह चौहान ने कहा हिंदी सहज शुलभ और सर्वमान्य भाषा है मेडिकल कॉलेज की हिंदी माध्यम से पढ़ाई किए जाने की घोषणा पर उन्होंने बधाई देते हुए इसे एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया ।



ओम शांति... शोक संदेश ओम शांति...



स्व. पं. मालूराम जी शर्मा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिता पं. मालूराम जी शर्मा का निधन दिनांक 12.09.2024, गुरूवार को हो गया है। परमपिता परमात्मा की इच्छा शिरोधार्य है।

कार्यक्रम

ग्यारवा - 23 सितम्बर 2024, सोमवार
बाहरवा/पगड़ी रस्म - 24 सितम्बर 2024, मंगलवार
शाम 04 बजे
निज निवास, सुभाष चौक, नेवरा

गंगा प्रसादी - 24 सितम्बर 2024, मंगलवार
दोप. 12 बजे से 03 बजे तक
श्री परशुराम भवन, नेवरा

शोकाकुल परिवार :
समस्त महर्षि परिवार
मो. नं. : 9300416101
: 9302982300
: 9300509510

विनीत :
पुत्र : नरेन्द्र, महेन्द्र, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र, श्याम, पवन, स्व. विष्णु शर्मा (तिल्दा नेवरा) एवं बसंत, कमलेश शर्मा (निमेड़ा राजस्थान)

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26